*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 300

राहुल गांधी बाइक से पहुंचे पैंगोंग रास्ते के फोटो शेयर किये



## न्यूज रील्स

### भारत में सबसे सस्ता इंटरनेट डेटा: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी-20 के डिजिटल इकोनॉमी मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे सस्ता इंटरनेट डेटा है। आज के दौर में भारत में 85 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। मोदी ने ये भी कहा कि भारत में 45% से ज्यादा रियल टाइम ट्रांजेक्शन होता है। रियल टाइम ट्रांजेक्शन को ऑनलाइन पेमेंट कह सकते हैं। मोदी के मुताबिक, हमने शासन को बेहतर, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी का भरपूर लाभ उठाया है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला, वल्गर पोस्ट के लिए सजा मिलनी जरूरी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार की बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा मिलनी जरूरी है। बेंच ने कहा कि ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते हैं। कोर्ट ने तमिल एक्टर और पूर्व विधायक एस वे शेखरके खिलाफ दर्ज मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया।

# रतन टाटा को मिला महाराष्ट्र का पहला उद्योग रत्न पुरस्कार

● बिजनेस और एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में योगदान देने वाले युवा सम्मानित होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को राज्य के पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया। शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने रतन टाटा के आवास पर पहुंचकर उन्हें यह अवार्ड सौंपा। रतन टाटा अपने खराब स्वास्थ्य के कारण पुरस्कार समारोह में भाग नहीं लेंगे।

**टाटा विश्वास का प्रतीक :** रतन टाटा को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में टाटा समूह का योगदान बहुत बड़ा है और टाटा विश्वास का प्रतीक है। पुरस्कार पाने के बाद 85 वर्षीय रतन टाटा ने सभी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें उद्योग रत्न पुरस्कार का सम्मानचिह्न, मानपत्र और 25 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।



### पद्म विभूषण और पद्म भूषण से हो चुके सम्मानित

अपने करियर के दौरान रतन टाटा को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें भारत के दो सबसे बढ़े नागरिक पुरस्कारों 2008 में पद्म विभूषण और 2000 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया है। हाल ही में रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के हाइएस्ट सिविल ऑनर 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**28 जुलाई को पुरस्कार की घोषणा हुई थी :** सरकार ने पिछले 28 जुलाई को महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कार रतन टाटा को देने का ऐलान किया था। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा सत्र के दौरान बताया था कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह विशिष्ट व्यक्तियों को दिये जाने वाले इस सम्मान को रतन टाटा को देने का फैसला एक मीटिंग में किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में युवा एंटरप्रेन्योर, महिला एंटरप्रेन्योर और मराठी एंटरप्रेन्योर के लिए भी ये पुरस्कार दिये जायेंगे।

**आज कार्यक्रम का आयोजन :** सरकार ने महाराष्ट्र उद्योग पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रविवार को किया है। स्वास्थ्य की वजह से रतन टाटा इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूटयू ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला को सम्मानित किया जायेगा। वहीं, मराठी उद्योगपति पुरस्कार नाशिक के सह्याद्री समूह के विलास शिंदे और महिला उद्योगपति पुरपुस्कार किर्लोस्कर समूह की गौरी किर्लोस्कर को दिया जायेगा।

ईडी गवाह को प्रभावित करने के लिए पैसों की हुई लेनदेन

# पहली बार किसी भाजपा नेता को इडी का समन

■ इडी ने सूर्य नारायण हांसदा, गवाह विजय हांसदा समेत चार को अगले सप्ताह बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के गवाह को प्रभावित करने में भाजपा नेता सूर्य नारायण हांसदा की भूमिका संदिग्ध है। इस मामले को लेकर इडी ने सूर्या हांसदा को समन भेजा है। इसके अलावा गवाह विजय हांसदा, विष्णु यादव और पवितर यादव शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो सभी से सोमवार से शनिवार तक पूछताछ की जा सकती है। गौरतलब है कि अवैध खनन मामले में यह पहली बार हुआ है कि इडी ने किसी भाजपा नेता को तलब किया है।

**विष्णु और पवितर पर अवैध खनन करने का लगा है आरोप :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक इडी के केस को सूर्य नारायण हांसदा प्रभावित कर रहा है। यह सूचना इडी को मिली है। सूर्य नारायण हांसदा ने ही केस के अहम गवाह विजय हांसदा को मुकरने के लिए प्रभावित किया था। इसके बदले पैसे की लेन-देने की जानकारी भी इडी को मिली है। इडी के पक्ष में गवाही देने के लिए विजय हांसदा ने एक दूसरे गवाह मुंगेरी यादव से भी 90 लाख रुपये की डिमांड की थी। इससे जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी इडी को मिले हैं। ऐसे में इडी कोर्ट के समन पर उपस्थित नहीं होने की वजह से विजय हांसदा की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं इस मामले में संदेह के घेरे में विष्णु यादव और पवितर यादव भी हैं। दोनों के यहां जुलाई 2022 में इडी ने छापेमारी की थी। दोनों पर पूर्व में नींबू पहाड़ी में अवैध खनन करने का आरोप भी विजय हांसदा ने ही लगाया था।

**सूर्य नारायण हांसदा चुनाव में बोरियो से भाजपा के थे प्रत्याशी :** गौरतलब है कि सूर्य नारायण हांसदा पहले झाविमो में थे। उन्होंने 2009 और 2014 में झाविमो की टिकट पर बोरियो से चुनाव लड़ा था। इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गये थे। उन्होंने 2019 में भाजपा की टिकट पर बोरियो विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि सूर्य नारायण चुनाव नहीं जीत पाये। उन्हें झामुमो के लोबिन हेंब्रम से हार का समाना करना पड़ा था। वह दूसरे स्थान पर रहे थे।

### इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिर समन भेजा, 24 अगस्त को बुलाया



रांची (आजाद सिपाही)। इडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरा समन भेजा है। सूत्रों के मुताबिक इडी ने उन्हें 24 अगस्त को अपने क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। उनसे उनकी और उनके परिवार की संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इडी ने मुख्यमंत्री को 8 अगस्त को समन भेज कर 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था।

# राजेंद्र साहू हत्याकांड : पैसों की लेनदेन को लेकर आक्रमण गंझू ने करायी हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

● लातेहार एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसायी सह भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू हत्याकांड का खुलासा शनिवार को पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दोनों शूटर समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। गिरफ्तार उग्रवादियों में गढ़वा जिले के रहनेवाले शूटर जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह तथा हत्याकांड की घटना की योजना बनाने में शामिल गढ़वा निवासी अश्विनी कुमार सिंह और बालूमाथ निवासी कुलदीप गंझु शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चार पिस्टल, 30 जिंदा गोली समेत कई अन्य सामान भी बरामद किये हैं।

एसपी ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर राजेंद्र साहू का कुछ विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर टीएसपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण गंझू के कहने पर टीएसपीसी संगठन से जुड़े जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह ने राजेंद्र साहू का रेकी करना आरंभ किया। जितेंद्र और शिवपूजन शूटर भी थे। इस पूरी योजना में अश्विनी कुमार सिंह और कुलदीप भी उनके साथ शामिल था। 12 अगस्त को दोनों शूटर राजेंद्र साहू के बालूमाथ स्थित निजी कार्यालय के पास जाकर रेकी कर रहे थे। राजेंद्र साहू की नजर इन पर पड़ी, तो दोनों शूटर बाइक से भागने लगे। राजेंद्र साहू ने अपनी स्कूटी पर बैठ कर दोनों का पीछा करते हुए चले गये थे। इसी दौरान मौका देख कर शूटरों ने राजेंद्र साहू को चार गोली मार दी थी। एसपी ने बताया कि इस काम के लिए शूटर को नक्सली आक्रमण गंझू के द्वारा 50 हजार भी दिये गये थे। उन्होंने कहा कि छानबीन में पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त हुई हैं। इसके आधार पर पुलिस आगे की छानबीन कर रही है। एसपी ने बताया कि हत्याकांड के उद्भेदन में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, ,बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, कुबेर कुमार, धीरज कुमार, कैलाश बाड़ा, धर्मेंद्र कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### अयोध्या में सीएम योगी ने रामलला की आरती उतारी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राम मंदिर आंदोलन के महानायक महंत रामचंद्र दास परमहंस की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि भी गये। यहां रामलला की आरती उतारी। राम मंदिर निर्माण को देखा। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक भी की और दीपोत्सव से पहले राम नगरी की बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिये।

### एडीआर की रिपोर्ट: राज्यसभा के 12% सांसद अरबपति

**नयी दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी 12% अरबपति हैं। अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। भाजपा के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 सांसद अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 सदस्यों में 4 अरबपति हैं। वहीं, इन 225 सांसदों में से 75 (33%) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।












# इंटरनल सर्वे ने राजस्थान में कांग्रेस की चिंता बढ़ायी

## 100 से ज्यादा विधायकों, नेताओं और मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड खराब

**आजाद सिपाही विशेष**

राजस्थान विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के अंत में होना है। इस चुनाव में कांग्रेस फिर से वापसी का दावा कर रही है, जबकि दूसरी ओर बीजेपी सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। राजस्थान को किसी भी हाल में कांग्रेस अपने हाथ से निकलने नहीं देना चाहती, इसीलिए उसने आगामी चुनाव को लेकर रणनीतिक तैयारी तेज कर ली है। वह हर स्तर और बिंदु पर बारीक नजर रख रही है। इसी क्रम में पार्टी ने तीन-तीन इंटरनल सर्वे कराया है, जिसमें कई चौंकानेवाली बातें सामने आयी हैं। उन बातों को ध्यान में रख कर ही इस बार कांग्रेस आलाकमान उम्मीदवारों के नाम पर गहन मंत्रणा की है और टिकट बंटवारे की फुलप्रूफ प्लानिंग की है। इस रिपोर्ट के आधार पर इस बार कई विधायकों-मंत्रियों के टिकट कटने की भी चर्चा हो रही है। एक सर्वे में यह बात सामने आयी है कि राजस्थान के मतदाता गहलोत सरकार से नाराज हैं। सर्वे में तो यहां तक कहा गया है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिल सकती है। सर्वे में कहा गया है कि इस साल के अंत में होनेवाले चुनाव में बीजेपी को 109-119 सीटें मिल सकती हैं, जबकि कांग्रेस को 78-88 के बीच सीटें मिलेंगी। इसके अलावा अन्य दलों को 1-5 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सर्वे की बात की जाये, तो जिन्हें 50 से ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें तो चुनाव में खड़ा होने की हरी झंडी दे दी गयी है और जिन्हें 50 से 25 के बीच में अंक हासिल हुए हैं, उन्हें और मेहनत करने और सुधार के लिए फील्ड में ज्यादा से ज्यादा समय देने को कहा गया है। इसके साथ ही जिन्हें 25 से 10 नंबर मिले हैं, उनकी सीट पर मजबूती से काम किया जा रहा है और वहीं दूसरे उम्मीदवारों के नाम पर विचार हो रहा है। ऐसी कुल 70-80 सीटें हैं, जहां पर 25 से 10 नंबर मिले हैं। उन सीटों पर अभी भी सर्वे चल रहा है। वहां पर पार्टी का हरसंभव प्रयास है कि चेहरा बदला जाये। इस लिस्ट में कई मंत्री और विधायकों के नाम शामिल हैं। खबर आ रही है कि इनमें से कुछ ने तो खुद चुनाव न लड़ने की बात तक कह डाली है। कुछ चाहते हैं कि उनकी जगह पर उनके बेटे को टिकट दिया जाये। क्या बन रही रही है कांग्रेस के अंदरखाने राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बता रहे हैं, आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

राजस्थान में तीन महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान चरम पर है। खासतौर से सत्ताधारी कांग्रेस में होनेवाले बड़े बदलाव आपको हैरान कर सकते हैं। चुनावी साल में कांग्रेस ने राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीटों पर सर्वे कराया है। सर्वे रिपोर्ट ने कांग्रेस को चिंता में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 70 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां पार्टी के मौजूदा नेता चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं हैं। इन 70 सीटों में कई सीटें ऐसी भी हैं, जहां वर्तमान में कांग्रेस के विधायक जीते हुए हैं और उनमें से कुछ मंत्री भी हैं। शेष सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस पिछले दो या इससे अधिक बार चुनाव हारती आयी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार को फिर से सत्तासीन करने के लिए कांग्रेस आलाकमान सख्त कदम उठाने की रणनीति पर काम कर रहा है। टिकट वितरण के लिए कांग्रेस ने एक फार्मूला भी तय किया है। वह फार्मूला है-सिर्फ जिताऊ प्रत्याशी को ही टिकट दिया जायेगा। इसके लिए एआइसीसी, प्रदेश प्रभारी और मुख्यमंत्री की ओर से तीन सर्वे कराये गये। इस सर्वे में पांच मंत्रियों और 10 दिग्गज नेताओं सहित 45 मौजूदा विधायकों की रिपोर्ट खराब पायी गयी है। बताया जा रहा है कि पिछले चुनावों में जिन कांग्रेस नेताओं को टिकट दिये गये थे, उनमें से करीब 120 नेताओं के टिकट बदले जा सकते हैं। पिछले दिनों कांग्रेस के वॉर रूम में विधायकों से वन टू वन संवाद का कार्यक्रम भी रखा गया था। इसमें कांग्रेस के सभी विधायकों के साथ पार्टी के प्रत्याशी रहे अन्य नेताओं को भी बुलाया गया। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने विधायकों और मंत्रियों को खरी-खरी सुना दी। कई विधायकों और मंत्रियों को साफ-साफ कह दिया कि आपके क्षेत्र में हुए सर्वे के दौरान आपकी रिपोर्ट खराब आयी है। स्थिति सुधारें वरना टिकट नहीं मिलेगा। खराब रिपोर्ट वाले नेताओं में सरकार के कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं।



**कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं को चेताया :** खराब रिपोर्ट के चलते कई दिग्गज नेताओं को फील्ड में जाकर स्थिति सुधारने के प्रयास करने के निर्देश दिये गये हैं। इनमें शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जनजाति विकास मंत्री अर्जुन बामणिया का नाम शामिल है। इनके अलावा यातायात मंत्री बृजेंद्र ओला, अल्पसंख्यक मामलात विभाग के मंत्री सालेह मोहम्मद और सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना को भी सख्त निर्देश दिये गये हैं। इन सभी दिग्गजों को क्षेत्र में अपनी स्थिति सुधारने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय तक फील्ड में सक्रिय रहने को कहा गया है। तीन बार हुए सर्वे में इन दिग्गज नेताओं की परफॉरमेंस ठीक नहीं आयी है। क्षेत्र के मतदाताओं ने अपना मंतव्य दिया है कि ये विधायक और मंत्री लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति उदासीन रहे और उन्हें तरजीह नहीं दी। इन लोगों ने सिर्फ उन्हीं का भला किया, जो उनकी गणेश परिक्रमा करते हैं।

**इन सीटों पर बदलाव संभव :** कांग्रेस की ओर से कराये गये सर्वे के मुताबिक 45 मौजूदा विधायकों और हारे हुए 75 प्रत्याशियों की स्थिति खराब बतायी गयी है। ऐसे में इन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी बदले जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन सीटों में भीनमाल, मेड़ता, पाली, बाली, सुमेरपुर, फलौदी, झुंझुनूं, चाकसू, बगरू, धोद, झोटवाड़ा, आमेर, किशनपोल, झाडोल, डूंगरपुर शामिल हैं। इनके अलावा गढी, कपासन, आहोर, अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, आसपुर, बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़ भी हैं। डूंगरगढ़, घाटोल, जैतारण, कुंभलगढ़, लाडपुरा, लूणकरणसर, मनोहरथाना, मावली भी इसमें शामिल है। उदयपुर शहर, रतनगढ, सागवाड़ा, संगरिया, तिजारा, बहरोड़, थानागाजी, बस्सी, दूदू, शाहपुरा, खंडेला, सिरोही और गंगापुर सिटी के मतदाता भी कांग्रेस के विधायकों और नेताओं से काफी नाराज हैं।

**नेताओं को चुनाव में फ्रंट फुट पर खेलने का सिग्नल :**

सर्वे रिपोर्ट में जिन नेताओं की रिपोर्ट अच्छी आयी है, उन्हें चुनाव की तैयारियों में जुटने का इशारा कर दिया गया है। इन नेताओं में चार विधायक, आठ मंत्री और चार हारे हुए कांग्रेस प्रत्याशी शामिल हैं। इन्हें चुनाव लड़ने की तैयारी करने का इशारा किया गया है, उनमें मंत्री ममता भूपेश, प्रताप सिंह खाचरियावास, खिलाड़ीलाल बैरवा, विश्वेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव, टीकाराम जूली, डॉ. सीपी जोशी, रामलाल जाट जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं। साथ ही विधायकों में रफीक खान, दानिश अबरार, हाकम अली, सुरेश मोदी और अशोक बैरवा के साथ हारे हुए प्रत्याशियों में रामेश्वर डूडी, रतन देवासी, डॉ. अर्चना शर्मा और धीरज गुर्जर के बारे में मतदाताओं की रिपोर्ट सकारात्मक आयी है। इन्हें हरी झंडी दे दी गयी है।

सच कहा जाये, तो सर्वे रिपोर्ट ने कांग्रेस आलाकमान की परेशानी भी बढ़ा दी है। आलाकमान किसी भी हाल में राजस्थान को अपने हाथ से निकलने देना नहीं चाहता, इसलिए उसकी नजर भाजपा के उन नेताओं पर भी है, जो किन्हीं कारणों से दल के अंदर अपने को सहज नहीं पा रहे हैं। उन्हें कांग्रेस की तरफ से चारा भी फेंका गया है। अब देखना यह है कि चुनाव से पहले कांग्रेस अपनी फील्डिंग को कैसे चुस्त-दुरुस्त करती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |




## झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति ने सदस्यता अभियान चलाया

# सीएम हेमंत के कुशल नेतृत्व में रांची शहर अगले 10 वर्षों में मेट्रो सिटी में शामिल होगा : डॉ महुआ माजी

**अगले तीन वर्षों में रांची शहर में फ्लाई ओवर का जाल बिछ जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति द्वारा जिला उपाध्यक्ष और महानगर प्रभारी अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन बूटी मोड़ स्थित हनुमान नगर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, संगठन सचिव आदिल इमाम, मंटू लाला, गोपाल पांडेय, साहिल यादव, परवेज आलम गुड्डू, वसीम राबिया खान, मंटू पांडेय, बिहारी गोप, शांति तिर्की, राजेश सिंह, कयूम अंसारी, सुषमा उरांव, ओंकार कुमार, राधा बाउरी आदि शामिल थे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काम कर रहे हैं, वह काबिले-तारीफ है। रांची शहर उपेक्षा का शिकार था। आज लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद रांची शहर को दो-दो फ्लाई ओवर मिलनेवाला है, जो शहर के लिए संजीवनी का काम करेगा। अगले तीन वर्षों में रांची शहर में फ्लाई ओवर का जाल बिछ जायेगा और अगले दस साल में रांची मेट्रो सिटी में शामिल होगा।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में अजय कुमार, राहुल कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, राजीव कुमार, नितेश कुमार, कुमार कुंदन, गंगा सागर यादव, मुकेश कुमार, मंटू सिंह, गौतम कुमार, दीपक भगत, ब्रजेश चौधरी, नवीन कुमार, राकेश कुमार, बेंकटेश कुमार, राजेश कुमार, उदय शंकर गुप्ता, सूरज सिंह सोलंकी, आकाश कुमार, सोनू कुमार, अखिलेश कुमार, सिनायक मिश्रा, भोला कुमार, विकास कुमार, योगेश्वर कुमार, ईंद्रेश कुमार यादव, अमरजीत कुमार, उमेश कुमार सिंह, रितेश कुमार, भगवान सिंह, परमेश्वर सिंह, मनोज यादव, नरेश सिह, मुन्ना कुमार, धनंजय कुमार, पिंटू सिंह, विक्की पांडेय, नीरज यादव, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र यादव, प्रभुनाथ यादव, भीम यादव, संजय यादव, नवीन यादव, उपेंद्र यादव, गुड्डू पासवान, राहुल कुमार, राहुल चावड़ा, अमरजीत कुमार, रौशन कुमार, अमन कुमार, भोला यादव, सोना यादव, मंजय यादव, मोहन यादव, अमरजीत कुमार यादव के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के 200 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## रांची-टाटानगर से वाराणसी तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक और वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत जल्द होगी। यह ट्रेन टाटानगर से वाराणसी तक चलेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन इस रास्ते पर परिचालन के लिए एक सर्वे भी करा रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम ने इससे संबंधित जानकारी सोशल साइट पर साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा है, जमशेदपुर और रांची से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन की योजना है। इस पर सर्वे का काम जारी है और रेल मंत्रालय इस पर फैसला सर्वे कराने के बाद लेगा।

### क्या होगा रूट

अब तक मिली जानकारी के अनुसार टाटानगर से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन टाटा-पुरुलिया-मुरी-रांची-लोहरदगा-डाल्टनगंज-सासाराम-भभुआ रोड-दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी या फिर टाटा से मुरी-

**ट्रेन के रूट को लेकर सर्वे जारी**

रांची-लोहरदगा डाल्टनगंज-सासाराम-भभुआ रोड-दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते हो सकता है। बताया जाता है कि अगर टाटा-पुरुलिया-बोकारो-गोमो-गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी होकर ट्रेनों का परिचालन होता है तो टाटा के लिए अलग रांची के लिए अलग-अलग रैक की आवश्यकता होगी।

पूर्व तट रेलवे

1) निविदा सूचना सं. SBP-ELECT-2023-T-170
कार्य का नाम : संबलपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों और सेवा भवनों में उपलब्ध विभिन्न क्षमता के यात्री लिफ्ट हेतु व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
कार्य की अनुमानित लागत (₹): 4,20,143.04, EMD (₹) : 8,400.00, निविदा दस्तावेज की लागत (₹): 1,180/-, कार्य पूरा होने की अवधि : LOA जारी होने की तारीख से 36 (छत्तीस) महीने।

2) निविदा सूचना सं. SBP-ELECT-2023-T-171
कार्य का नाम : संबलपुर मंडल के सेक्टर-D में ब्लॉक संख्या E/41-48 (16 यूनिट) टाइप-I को टाइप-II क्वार्टर में परिवर्तित करने से संबंधित विद्युतीय कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत (₹): 4,42,838.00, EMD (₹) : 8,900.00, कार्य पूरा होने की अवधि : LOA जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 05.09.2023 को 1630 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G), सम्बलपुर
PR-470/O/23-24

## सुदेश ने सिल्ली की घटना पर प्रधानमंत्री को ट्वीट कर मदद की गुहार लगायी

**कुएं में गिरे बैल को बचाने के क्रम में कुआं धंसने से 6 लोगों की मौत हो गयी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सिल्ली में कुएं में फंसे बैल को निकालने के दौरान घटी घटना में 6 लोगों की मौत मामले में आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री को ट्वीट के जरिए घटना से पीड़ित परिवार के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद की गुहार लगायी है। सुदेश महतो ने ट्वीट कर लिखा है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय, दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र सिल्ली के पिस्का गांव में एक हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी है। गांव के कुआं में एक पशु के गिर जाने के बाद उसे बचाने की कोशिश में सात लोग नीचे उतरे। इस दौरान मिट्टी धंस जाने से सभी लोग दब गये। 24 घंटे की मशक्कत और बचाव कार्य के बाद छह लोगों का शव निकाला गया। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल है। मरने वाले और घायल सभी लोग निहायत साधारण और किसान परिवार से आते हैं। अतः आपसे मेरा विनम्र अनुरोध है कि विपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इसके लिये आपका आभारी रहूंगा।

## 178 खिलाड़ियों को झारखंड खेल विभाग देगा नगद पुरस्कार

**36वें राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप, एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतनेवाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर झारखंड खेल विभाग 178 खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। विभाग द्वारा मोमेंटो और टी शर्ट के लिए टेंडर निकाला गया है। टेंडर में 178 खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित करने की बात कही गयी है। निदेशालय ने खिलाड़ियों और उनको मिलनेवाली रकम की सूची तैयार कर ली है। इसमें 36वें राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप, एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतनेवाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। खिलाड़ियों को टी-शर्ट देने के लिए भी टेंडर निकाला गया है।

## तल्हा खान की जमानत पर फैसला 25 अगस्त को

**जमीन घोटाला मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका पर शनिवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने फैसले की तिथि 25 अगस्त निर्धारित की है।

तल्हा खान की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की, जबकि इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। इस पर सेना के कब्जे वाली जमीन सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है। बता दें, तल्हा खान को इडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

## अमित महतो को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अपर न्यायायुक्त मो शहजाद की अदालत ने शनिवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो को जमानत दे दी है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने गत गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 17 जुलाई को सीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका खारिज होने के बाद अमित महतो की ओर से अपर न्यायायुक्त की अदालत में 4 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। बता दें कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को अदालत में कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमित महतो फिलहाल खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता हैं।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जागृति महिला मंडल
संचालक
जनवितरण प्रणाली
घोडाटांगर, घाघरा

धनेश्वर नायक
संचालक : जनवितरण प्रणाली गोरियाडीह
घाघरा

धर्मगुरु महिला मंडल
संचालक जनवितरण प्रणाली भुआलटोली
घाघरा

देवा उरांव
संचालक
जनवितरण प्रणाली इरकीरी
घाघरा

आनंद भगत
संचालक
जनवितरण प्रणाली टंगराटोली, घाघरा

जगत नारायण प्रसाद
संचालक : जनवितरण प्रणाली कुराग
घाघरा

गौरी देवी
संचालक
जनवितरण प्रणाली खंभिया
घाघरा

हरिकिशुन जायसवाल
संचालक
जनवितरण प्रणाली शिकवार
घाघरा

श्रीराम महिला मंडल
संचालक
जनवितरण प्रणाली
सेहल, घाघरा

गरिमा महिला मंडल
संचालक
जनवितरण प्रणाली
सलगी, घाघरा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनूप भारती
प्रधानाध्यापक
राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय
दोदांग, घाघरा

संजय प्रसाद
प्रधानाध्यापक
राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोटांबी, घाघरा

महेंद्र महापात्रा
प्रधानाध्यापक
राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कोटामाटी, घाघरा

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय
परिवार, घाघरा



## मधुमक्खी के हमले में व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगावां में शनिवार को मधुमक्खी के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पंचगावां निवासी रामेश्वर मेहता (उम्र 45 वर्ष, पिता खेदन मेहता) के रूप में हुई है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि रामेश्वर मेहता शनिवार को पंचगावां जंगल में दातुन लाने गये थे। इसी दौरान मधुमक्खी के झुंड ने उन पर अचानक हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये।

## आंगनबाड़ी केंद्र में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 06 जलवाबाद स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र में जुआ खेलते तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने 71 सौ रुपए नगद और एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में जलवाबाद निवासी मोहन भगत (उम्र 43 वर्ष पिता किशोरी भगत), नगरखारा निवासी मोहम्मद इलियास (उम्र 41 वर्ष, पिता स्व गुलाम अशरफ) और बहेरवाटांड़ निवासी अब्बास अंसारी (उम्र 42 वर्ष, पिता स्व रोजन मियां) शामिल हैं। मामले को लेकर कांड संख्या 152/23 में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित पावर सब स्टेशन मरकच्चो में कुछ माह पूर्व ट्रांसफॉरमर के क्वाइल की चोरी की घटना हुई थी जिसे लेकर मरकच्चो थाना मे 115/22 मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी लव कुमार ने इस चोरी की घटना के अप्राथमिकी अभियुक्त पवन कुमार वर्मा पिता केदार वर्मा साकिन मुरपा थाना मांडू ओपी जिला रामगढ़ को गिफ्तार कर शनिवार को कोडरमा जेल भेज दिया है।

## खनन पदाधिकारी ने बालू घाटों का किया निरीक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद भी सतगावां प्रखंड के विभिन्न नदियों से बालू खनन कर बडे.पैमाने पर की जा रही तस्करी की शिकायत पर जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय ने शनिवार को प्रखंड के टेहरो, मीरगंज, दुमदुम्मा, मरचोई, समलडीह, शिवपुर, माधोपुर आदि बालू घाटों का निरीक्षण किया जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है। ज्ञात हो कि जिला उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर विभिन्न बालू घाटों का निरीक्षण किया गया। एक दिन पूर्व समलडीह घाट से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस ने थाना लायी थी। इधर काफी दिनों से सतगावां थाना क्षेत्र के बालू के अवैध उत्खनन और उठाव की शिकायत मिल रही थी और खनन विभाग पर सवाल उठाया जा रहा था। इसी आधार पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दलबल के साथ मौजूद थे।

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त को सतगावां पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आंनद कुमार शाह ने बताया कि भरण पोषण वाद संख्या 114/21 के वारंटी अभियुक्त सुधीर प्रसाद ग्राम मननपुर, पंचायत मीरगंज थाना सतगावां को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेजा गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित




**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भक्त ने कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों व सहिया दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। लोगों के लिए बेहतर सेवा दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के सभी सदस्य टीम के रूप में कार्य करते हैं और सभी का हर गतिविधि में भरपूर सहयोग मिलता है। वहीं राज्य स्तर व जिला स्तर से कई बार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सम्मान के साथ साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस उपलब्धि के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी। मौके पर बीपीएम मनोज राम सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी व सहिया दीदी मौजूद थे।

## प्रशिक्षण सह जल शक्ति से संबंधित बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा जल शक्ति अभियान एप्प तैयार किया गया है। जिसमें जल संबंधित जल संरचना का जियो टैगिंग एप्प के माध्यम से किया जाना है। इसी को लेकर उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह जल शक्ति से संबंधित बैठक डीआरडीए सभागार में संपन्न हुआ। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी के द्वारा भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय और एन.आइ.सी के द्वारा विकसित जल शक्ति अभियान एप्प की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमे जल संबंधित जियो टैगिंग की जायेगी। जिला अभियंता जिला परिषद्, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कनीय अभियंता नगर परिषद झुमरी तिलैया, कनीय अभियंता नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच, प्रखंड स्तरीय सभी नोडल पदाधिकारी जल शक्ति केंद्र, तकनीकी विशेषज्ञ को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को जल से संबंधित जल संरचना का जियो टैगिंग एप्प के माध्यम करना सुनिश्चित करेंगे। जितने भी अमृत सरोवर के तहत तालाब को निर्माण पूरा हो चुका है, उसे जियो टैगिंग करते हुये एप्प में अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए के तहत शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग के लिए आयोजित था। प्रतियोगिता पीटीआई राकेश पांडेय और कुंदन कुमार राणा की देखरेख में हुई। प्राचार्य नवीन कुमार ने खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पानी और पवन हाउस के बीच हुआ, जिसमें पवन हाउस विजेता और पानी हाउस उपविजेता बना। प्राचार्य नवीन कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। जीवन में हार और जीत दोनों से शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर शिक्षक शंकर कुमार, विक्रम कुमार, प्रमोद कुमार सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता में रोबिन कुमार, अनिकेत कुमार, आनंद कुमार, अभिषेक कुमार, सौरभ कश्यप, रौनक भारती, ऋषभ कुमार, सुधांशु कुमार, अभिषेक कुमार, सौरभ कुमार, सक्षम कुमार, गुलशन कुमार, प्रियांशु कुमार, आदित्य कुमार, आनंद कुमार, करण यादव, विशाल चौधरी, शौर्य राज, विशाल कुमार, अभिनव शर्मा, शिवम सिंह, निखिल कुमार, विपिन कुमार, अंकित कुमार, शिवम कुमार, संस्कार राणा, लव कुमार, रितेश कुमार, सुमित कुमार, कृष्ण मुरारी, केशव कुमार, आलोक ठाकुर, तेजस कुमार, वंशम सिंह, आशीष यादव, सोमेश कुमार, आयुष कुमार साव, अमन कुमार, सचिन यादव, अंशु यादव, दीपक कुमार, अभिज्ञान कुमार, सुजीत कुमार पंडित, शिवम रजक ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

# बड़ा बाजार थाना क्षेत्र से ढाई किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने बड़ा बाजार थाना क्षेत्र से अफीम के साथ दो को दबोचा है। सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि एसपी मनोज रतन चौथे को गुप्त सुचना मिली थी की बड़ा बाजार ओपी अंतर्गत न्यु बस स्टैंड हजारीबाग के पास मे एक सफेद रंग के स्वीफ्ट से कुछ लोग मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने के लिए आ रहे हैं। एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय राजीव कुमार के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल द्वारा न्यु बस स्टैंड हजारीबाग के आस पास उक्त वाहन का खोजबीन करना प्रारम्भ किया, उसी समय मे रामनारायण पथ के पास उक्त वाहन दिखा जिसे सर्च करने के उपरांत दो व्यक्ति मिले जिसे सख्ती से नाम पता पूछने पर अपना नाम दीपक कुमार पिता केशो दांगी गांव ढोटवा थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग और बुधराम मुण्डा पिता स्व लेभो गबरैया टोला किताबेरा थाना दशमफॉल जिला रांची बताये। वाहन के तालाशी के क्रम मे उनके पास से कुल 2,85,860 रुपये 2.50 (दो किलो पांच सौ ग्राम) अफीम, 06 मोबाइल, एक स्वीफ्ट कार एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया। इनके विरुद्ध सदर (बड़ा बाजार) कांड सं0-366/23 दर्ज किया गया।

छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय राजीव कुमार, प्रभारी बड़ा बाजार ओपी घनश्याम कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

# विधायक ने किया योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के बारियातू पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव में विधायक मद की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास शनिवार को किया। इस दौरान ग्राम बारियातु में बड़का तालाब में छठ घाट का निर्माण कार्य का उद्घाटन, पांडेपूरा कलां में शिव मंदिर के बगल में चबूतरा और गार्डवाल निर्माण, ग्राम देवरिया कलां के ही प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी निर्माण, देवरिया कलां में अब्दुल मनान के घर से मोहम्मद अली के घर तक ईट सोलिंग पीसीसी पथ, ग्राम बरियातू में बुधन साव के घर से बर पेड़ तक पीसीसी निर्माण,ग्राम बारियातू में प्रदीप गोसाई के घर से कर्बला तक पीसीसी पथ निर्माण, बारियातु के पिपल चौक जितिया मेला के नाम से चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। बारियातु पंचायत में आयोजित शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को पुरजोर माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक अंबा प्रसाद के आने पर ढोल बाजे के साथ अंबा प्रसाद जिंदाबाद, वीर योगेन्द्र साव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कई कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल सवार हो कर आगे आगे नारा लगते विधायक की अगवानी में चल रहे थे। पंचायत में योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन के मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य तेजी से किया जा रहा है लाखों की योजना संचालित की जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम, बारियातू पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, मिडीया प्रभारी मनोज सिंह, पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर साव, मंडल अध्यक्ष सलामत अंसारी, मंडल अध्यक्ष दक्षिणी चंदन कुमार गुप्ता, दिलदार अंसारी, उमेश कुमार साव, मोहम्मद अजीज अंसारी, सरोज कुमार भुईयां, मोहम्मद इसराइल, गंदोरी साव, अशोक राणा, मोहम्मद वाहिद, गोवर्धन साव, विकास कुमार, बृजेश कुमार, मनोज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# हाट में मोबाइल चोरी करते दो युवक को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता




**मरकच्चो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों मे लगने वाले सप्ताहिक हाट बजारों मे मोबाइल चोरी का मामला आम हो गया था। हाट बाजार मे सब्जी व रोजमर्रा की सामान खरीदने आने वाले ग्रामीण परेशान थे जिसकी सूचना पुलिस को भी था सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने आए खरीदारों की मोबाइल चोरी हो जाने की घटना लगातार बढ़ रही थी। जिसे देखते हुए मरकच्चो पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों के सहयोग से दो मोबाइल चोरों को धर दबोचा। पुलिस चोरो को अपने साथ मरकच्चो थाना ले गई। जहां मोबाइल चोरों ने अपना जुर्म कबूल कर बताया कि आए दिन बाजार में मोबाइल चोरी की घटना हम लोगों के द्वारा किया जा रहा था तथा चोरी का मोबाइल अपने क्षेत्रों में कम दामों में बेच देते थे। मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार ने चोर शेख गुलफराज (उम्र 22 वर्ष पिता शेख मकसूद) एवम एक नाबालिग दोनो साकिन महाराजपुर थाना तेलझारी जिला साहेबगंज के विरुद्ध 67/23 मामला दर्ज करते हुए शेख गुलफराज को कोडरमा जेल भेज दिया तथा दूसरे को बाल सुधार गृह हजारीबाग भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी नवादा बिहार से 18 अगस्त को कोडरमा के रास्ते नावाडीह बाजार पहुंचे जहां उक्त चोरों ने मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद बाजार में खरीदारी करने आए खरीदारों ने चोरों को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

# विश्वकर्मा समाज की बैठक में विभिन्न मामलों पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कोडरमा के बैनर तले मरकच्चो प्रखंड के प्रमुख पदाधिकारी मतौनी जयनगर में अंशु देवी की निर्मम हत्या के संदर्भ में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया तथा जयनगर थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया गया। थाना प्रभारी ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। बैठक में पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही गई तथा पुलिस प्रशासन से मांग किया कि शेष आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करें। समाज पीड़ित परिवार को कानूनी तथा सामाजिक स्तर से मदद दिलाने हेतु तैयार हैं। बैठक के बाद मरकच्चो प्रखंड तथा जयनगर प्रखंड के जाति प्रजाति मिलकर मतोनी में आसपास के गांवों को खबर कर एक बैठक बुलाई जाएगी जिसमें सामाजिक स्तर से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर ठोस कदम उठाया जायेगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं हुई तो उच्च पदाधिकारी से मिलकर गिरफ्तारी का मांग करेंगे। बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष राणा, जिला महासचिव सुखदेव राणा, प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर राणा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, मरकच्चो सचिव सह प्रदेश संयुक्त सचिव भुनेश्वर राणा, पूरनानगर पंचायत प्रतिनिधि रामचंद्र राणा, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के जगदीश राणा लखन राणा, डेगन राणा, रामेश्वर विश्वकर्मा, रूपलाल राणा, प्रदीप राणा, विजय राणा, अजीत राणा मृतक के पिता धीरज विश्वकर्मा के साथ-साथ समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# श्री राणी सती मंदिर में हरियाली तीज का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता





**झुमरीतिलैया।** सावन में हरी चुनरी पहन प्राकृतिक को देख महिलाओं के मन में श्रद्धा उठता है। शनिवार को महिलाओं ने आस्था, प्रेम व सौंदर्य का पर्व हरियाली तीज और सिंधारा उत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने 16 श्रृंगार किया। शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना भी की। इधर महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री राणी सती मंदिर में श्री राणी सती महिला मंडल के तत्वधान में दादी जी का सिंधारा और झूलनउत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं 56 भोग अर्पित किया गया। दादी जी को मेहंदी का रस्म प्रक्रिया ममता नरेडी के द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम की परियोजना निदेशक शालू चौधरी, शेलजा केडिया ने बताया कि सिंधारा उत्सव मारवाड़ी समाज की महिलाएं पति के दीघार्यु के लिए मनाती है। सावन सिंधारा उत्सव हमारी संस्कृति और धरोहर है। सावन माह यूं तो हरियाली का माह होता है, मगर महिलाएं इस माह जहां बाबा भोले शंकर की पूजा अर्चना करती है। वहीं 16 श्रृंगार भी किया जाता है। मौके पर गायक नवीन पांड्या के द्वारा चालो-चालो दादी जी का सिंधारा करसां.. सजा जो मंदिर गुलशन सा मेरे गणराज आए हैं..आज सिधारो मनड़ो मुनकायो.. तथा झूलन उत्सव की शुभ घड़ी आई जैसे भजनों से खूब झुमाया। इस अवसर पर सीमा सहल ने मेहंदी ओ मेहंदी इतना बता दे कौन सा काम किया है.. दादी जी ने तुमको हाथों में थाम लिया है .. रंगीलो सावन आयो रे.. सुरंगों सावन आयो.. आयो आयो तीज त्यौहार.. की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी। उपस्थित महिलाओं ने झूला झूले, झूला रही दादी मंगलम .. दादी नाम मंगलम .. मोटी सेठानी थाने... तथा नाही खाईब खोवा मेवा जैसे भजनों पर श्रद्धालु ने भक्ति से सागर में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर अंजुला खाटूवाला, पिंकी खेतान, सुमन सर्राफ, अंजना केडिया, माला दारुका, सारिका केडिया, अनिता चौधरी, आशा बजाज, सुमन कंदोई, कविता पिलानियां, रेखा कंदोई , नीतू बगड़िया, ज्योति परसरामपुरिया, रिचा खाटूवाला, मीना हिसारिया, स्वेता गुटगुटिया, संतोष चौधरी, आशा दारूका, रजनी अग्रवाल, नीलम पिलानिया, अंजु लड्ढा, ज्योति शेखावत, श्रेया केडिया, प्रीति केडिया, दीपाली भदानी, कविता महेशवरी, संगीता केडिया, सुधा महेशवरी, वीणा केडिया, मीता केडिया, आशा राज आदि आदि उपस्थित थे। साज पर विशाल कपसीमे, बब्लू पांडेय, मिलन चक्रवर्ती व शशि राज ने संगत दी।

## प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री बैठक संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में बीस सुत्री की बैठक अध्यक्ष रवि कुमार सिंह और शिबु प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में की गयी तथा संचालन सचिव सह बीडीओ शाइनी तिग्गा ने की। बैठक में आपुर्ति विभाग, पीएचडी, विधुत, शिक्षा विभाग, जेएसपीएल, आत्मा, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ विभाग, कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री आवास, कृषि और अंचल विभाग उपस्थित था। बैठक में आपुर्ति विभाग को निर्देश दिया गया कि जनवितरण प्रणाली की दुकानदार राशन वितरण में कटोती ना करें साथ ही गोदाम को जल्द चालू करने की बात आया। डुमर और खैरा पंचायत में जल नल में योजना में गडबडी का उप जांच करने का आदेश दिया गया। सहकारिता विभाग में टाटीझरिया पैक्स की राशि का मामला उठा साथ ही उपकरण को निलामी कर राशि किसानों का मिलना, पौशाक वितरण, विधुत आपुर्ति करना तथा विधुत कटौती की जानकारी स्थानिय जनप्रतिनिधियों को वाट्सएप के माध्यम से मिले, टीकाकरण में बढावा देना तथा फलेरिया का दवा खिलाने पर जोर देना समेत अन्य है। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने पर फोकस किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सुरेश यादव, सदस्य मुबारक अंसारी, शाफिक अंसारी, बंशी मांझी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, मुखिया कुमारी माधुरी, ममता कुमारी, स्वास्तिका कुमारी, कांती देवी, विभाग से सुधीर राय, निधी नारायण, आलोक कुमार, नकुल मोदी, चंद्रभुषण, थियोफील टुडु, दिनेश एक्का, शिवशंकर पांडेय, अमित मोहन, नवनीत कुमार, शंकर प्रजापति, शिवेश पांडेय, पंकज कुमार, शीतल, चंदन कुमार, विश्वजीत दुबे, अर्जुन प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया सोखता गढ़ा निर्माण का भूमि पूजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र पंचायत झुरझूरी के शिव मंदिर प्रांगण के चापानल के पास सोखता गढ़ा का भूमि पूजन झुरझुरी पंचायत प्रभारी मुखिया प्रियंका कुमारी के द्वारा किया गया। मुखिया प्रियंका कुमारी ने कहा की सोखता गढ़ा पंचायत के सभी चापानल के पास सोखता गढ़ा का निर्माण किया जाना है ताकि पानी का ठहराव हो सके इसका लाभ पंचायत के सभी ग्रामीण ले सके। उन्होंने कहा कि है अगर कोई भी तरह की परेशानी हो तो आप अपने क्षेत्र के वार्ड सदस्य संपर्क करें। पेयजल और स्वच्छता विभाग के द्वारा यह योजना जो चलायी जा रही है इस योजना का लाभ सभी ग्रामीणों तक पहुंचाना है यही मेरा उद्देश है ताकि जो चापानल से पानी जो इधर-उधर गंदगी फैलता है उससे इस सोखता गढ़ा बन जाने से राहत मिलेगी और जल स्तर जो धीरे-धीरे कम होता जा रहा है वह भी जल का स्टोरेज होने से हम लोगों को लाभ मिले। मौके से वार्ड सदस्य सहदेव प्रसाद, जल सहिया नरेश प्रसाद, अजय कुमार, धनेश्वर पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली इचाक की बैठक प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय इचाक में हुई। बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड मुख्य संयोजक सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सभी 19 पंचायत में पंचायत कमिटी गठन करने पर विचार किया गया। सभी 19 पंचायत की बैठक 23 अगस्त को अंबेडकर भवन परियोजना स्कूल के बगल में रखी गयी है। इस बैठक में सभी 19 पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में जिले के प्रखंड प्रभारी भी शामिल रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रखंड संयोजक मंडली के सदस्य इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य रामप्रवेश सिंह, दिगंबर कुमार मेहता, दिनेश मेहता, प्रयाग मेहता, बाबुन हासद, उमेश मेहता, उमेश गुप्ता, प्यारी देवी आदि उपस्थित थी।

## इंटरनेट सर्वर डाउन होने के कारण सहारा बाउंड अपलोड करने में हो रही परेशानी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की देखरेख में 18 जुलाई से सहारा में जमा खाता धारियों के लिए रकम वापसी की शुरूआत सीआरसीएस - सहारा फंड पोर्टल के माध्यम से कर दी गयी है। परंतु सर्वर डाउन होने के कारण साइट पर सहारा बाउंड अपलोड करने में खाताधारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई खाताधारी सीएससी या अन्य साइबर कैफे में दिनभर बैठे नजर आ रहे हैं। ऑनलाइन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें मायूस होकर घर लौटना पड़ रहा है। बांड के साथ आधार नंबर, फोन नंबर, बैंक पासबुक नंबर आदि कई प्रक्रिया से खाता धारियों को गुजारना पड़ रहा है। उक्त संबंध में बड़कागांव मध्य पंचायत बसरिया टोला में संचालित महतो स्टूडियो के संचालक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि खाताधारियों के पैसे वापसी के लिए ऑनलाइन बांड अपलोडिंग और कार्य को पूर्ण करने में बहुत ही सावधानी बरतनी पड़ती है कहीं कोई गलती नहीं हो। परंतु अपलोडिंग के दौरान सर्वर काफी डाउन होने के कारण परेशानी और बढ़ जाती है, जिसके कारण ग्राहक के साथ हम दुकानदार भी परेशान हो जाते हैं। देर रात से लेकर सुबह 7:00 बजे तक सर्वर ठीक-ठाक रहता है। बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड में लगभग 15 हजार खाताधारी सहारा में अपना पैसा निवेश किए हैं। एजेंट अपने खाताधारीओं से संपर्क कर पैसे वापसी करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीयां दे रहे हैं। और सहारा से संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोडिंग कराने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं।

## ग्रामीण विकास विभाग ने की समीक्षा बैठक

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मनरेगा व ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह डीआरडीए डायरेक्टर गौतम भगत, परियोजना पदाधिकारी बसंत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न योजनाओं का समीक्षा की गई जिसमें मनरेगा से संबंधित शौक पीट, दीदी बाड़ी योजना, आम बागवानी योजना, सड़क, कूप, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में डीआरडीए डायरेक्टर गौतम भगत ने समीक्षा करते हुए योजनाओं को लेकर कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मानव दिवस मनरेगा का मूल मंत्र है। कम बारिश के कारण खेती किसानी कम होने से इसका असर देखने को मिलेगा इसलिए मजदूर पलायन न करें। मौके पर इंद्रजीत चौधरी, विजय कुमार, पंचायत सेवक बालेश्वर यादव प्रसादी यादव, किशुन यादव, कुलदीप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह, वीरेंद्र राय, मुखिया गंगिया देवी, नारायण राय, फुलवा देवी, मथुरा प्रसाद यादव, नंदलाल साव, रोजगार सेवक, सुनील भारती, विजय कुमार, शिवकुमार ठाकुर, सीएफटी, बीएफटी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने देवघर और गिरिडीह से दो मोबाइल फोन किया बरामद

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गुम मोबाइल को लौटाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान लाया जा रहा है। इस क्रम में वरीय पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें तकनीकी शाखा के सहयोग से इस टीम के द्वारा पिछले कुछ महीने पहले गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी शुक्रवार को देवघर व गिरिडीह से की गई। कुल 2 फोन बरामद किया गया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने दोनों फोन संबंधित मोबाइल धारक माधोपुर निवासी उषा देवी पति सुजीत कुमार को ओप्पो मोबाइल व टेहरो निवासी मल्लू प्रसाद यादव पिता कौलेश्वर प्रसाद यादव को रियल मी मोबाइल लौटाया। लोगों ने मोबाइल फोन मिलने पर खुशी का इजहार किया।

### एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक कर थाना और ओपी प्रभारियों को दिये निर्देश

# अपराधियों को होनेवाली फंडिंग और हथियारों की सप्लाई पर करें कार्रवाई: पीयूष पांडे

**चिन्हित होंगे अपराधियों के अड्डे, अपराधियों के कब्जे में पड़े क्वार्टर होंगे खाली**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए रामगढ़ पुलिस सटीक योजना बनाकर छापेमारी कर रही है। आपराधिक गिरोह के सदस्यों को कहां से हथियार सप्लाई हो रहा है और कहां से उन्हें पैसे उपलब्ध कराये जा रहे हैं इस पर उनकी पैनी निगाह है। यह बातें शनिवार को अपराध समीक्षा बैठक के दौरान रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले का कुछ इलाका आपराधिक गिरोह से काफी अधिक प्रभावित है। लेकिन पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर है। उन्होंने बताया कि पांडे गिरोह, श्रीवास्तव गिरोह, अमन साहू के साथ-साथ संगठित अपराध में शामिल अन्य गिरोह पर भी नकेल कसने की तैयारी चल रही है। पुलिस ने छापेमारी भी शुरू कर दी है।

**चिन्हित होंगे अपराधियों के अड्डे**

एसपी ने बताया कि पतरातू, बरकाकाना, भदानी नगर और भुरकुंडा पुलिस अपने क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलायेंगे। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अपराधियों के अड्डे को जल्द से जल्द चिन्हित किया जाये। किस प्रखंड क्षेत्र में कौन से गांव और किस घर में अपराधियों का जमावड़ा लगता है? किस स्थान पर बैठकर वे अक्सर अपराधिक योजनाओं को तैयार करते हैं? उन सभी जगह को पुलिस तलाश रही है। एसपी ने बताया कि पूरी टीम इस बात पर लगी है कि संगठित अपराध पर अंकुश लगाया जाये।

**अपराधियों के कब्जे में पड़े क्वार्टर भी होंगे खाली**

रामगढ़ जिले में सरकारी और निजी कई कंपनियां वर्षों से अपना काम कर रही है। इसमें सीसीएल, टाटा स्टील, पीटीपीएस, जिंदल स्टील, रेलवे के द्वारा क्वार्टर का निर्माण किया गया है। हालांकि यह क्वार्टर उनके कर्मचारियों के लिए अलॉट किया जाता था। अब अपराधियों ने उनके खाली पड़े क्वार्टर को अपना अड्डा बना लिया है। उन अड्डों को भी खाली करना बेहद आवश्यक है। सभी थानों की पुलिस को यह निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द अपने क्षेत्र में सरकारी क्वार्टर में अवैध कब्जा कर रहा रहे लोगों का सत्यापन करे। साथ ही आपराधिक गिरोह से तालुकात रखने वाले लोगों पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया है। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति किसी क्वार्टर में मिलता है तो उसे भी तत्काल उस जगह से निकालने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी आपराधिक हॉटस्पॉट को विशेष तौर पर चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति रहे संवेदनशील**

एसपी पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया है कि वह महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहे। रामगढ़ जिले में अलग-अलग स्थान पर अक्सर जांच अभियान चलाया जाता है। उनमें कई बार महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी फंस जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें काफी कठिनाई होती है। रामगढ़ पुलिस आम जनता के सहयोग के लिए मुस्तैद है, ना कि उन्हें परेशान करने के लिए। इसलिए सभी प्रभारी को यह निर्देश दिया गया है कि वह संवेदनशील होकर अपना जांच करें।

**सभी थाना क्षेत्र में होगी सघन पेट्रोलिंग**

एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर पेट्रोलिंग टीम की आवाजाही कम होती है। जिसकी वजह से अपराधी उसे इलाके को अपना क्षेत्र समझ लेते हैं। लेकिन पुलिस अब शहर से लेकर गांव तक पेट्रोलिंग करेगी। इसके अलावा जिन स्थानों पर पुलिस को संदेह है वहां पेट्रोलियम टीम सुबह और रात में पेट्रोलिंग करेगी।

**कौन कौन थे उपस्थित**

अपराध समीक्षा बैठक में मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, गोला सर्किल इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सुशील सिंह, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा के अलावा सभी थाना और ओपी के प्रभारी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री जगन लिंडा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह
समाजसेवी अनगड़ा रांची

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सिमा एक्का
प्रखंड पशुपालन
पदाधिकारी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद उरांव
मुखिया
शिवराजपुर पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय उरांव
विधायक प्रतिनिधि
बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यशमुनी देवी
मुखिया
आदर पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीता कुमारी
मुखिया
चुंदरी पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितेश रंजन भास्कर
निदेशक : भास्कर
एजुकेशनल एकेडमी,
देवी मंडप रोड
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंगनी उरांव
मुखिया
चपका पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
झरी उरांव
पूर्व मुखिया
चपका पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलबंधु मांझी
कार्यकर्ता भाजपा
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक उरांव
समाजसेवी
लुदगो
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय उरांव
पंचायत समिति सदस्य
पूर्वी क्षेत्र देवाकी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रकांत पाठक
निदेशक
सॉलिटेयर एजुकेशन
एकेडमी मकरा, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीता कुमारी
उपमुखिया
नवडीहा पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद महतो
समाजसेवी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार उरांव
मुखिया
नवडीहा पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन साहू
समाजसेवी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेंद्र भगत
मुखिया
घाघरा पंचायत
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रीति कुजूर
बीईईओ
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अगस्टीन महेश कुजूर
अध्यक्ष
महात्मा गांधी पुस्तकालय
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव उरांव
विधायक प्रतिनिधि
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित चौधरी
थाना प्रभारी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप प्रसाद
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बॉबी भगत
प्रदेश महिला वरीय
उपाध्यक्ष
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णा कुमार लोहरा
जिला महासचिव
कांग्रेस पार्टी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रणव ऋतुराज
सीओ
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार
बीडीओ
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशा लकड़ा
राष्ट्रीय महासचिव
भारतीय जनता पार्टी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध चौबे
कल्याणकारी मानव
विकास संस्थान
घाघरा

# चुनावी युद्ध का श्रीगणेश

बीजेपी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए 60 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सबको चौंका दिया। 2024 के आम चुनाव से पहले इस साल विधानसभा चुनाव तो पांच राज्यों झ्र मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने हैं, लेकिन शुरुआती तीन राज्यों की विशेष अहमियत इस लिहाज से है कि यहां बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। हिमाचल प्रदेश और खासकर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों हार झेलने के बाद बीजेपी इन तीनों राज्यों में किसी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती। संभवतः इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है। जहां तक राजस्थान का सवाल है तो प्रत्याशियों की सूची भले न जारी की गयी हो, लेकिन दो अहम समितियां - चुनाव प्रबंधन समिति और संकल्प पत्र समिति- जरूर गठित कर दी गयीं। पहली नजर में, ये कदम बताते हैं कि चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी नेतृत्व अन्य दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा गंभीर है। लेकिन थोड़ा ठहर कर देखें तो इन कदमों के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े नजर आते हैं। बेशक, चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने, तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं। विरोधी दलों के सामने भी यह मौका होता है कि वे प्रतिद्वंद्वी पार्टी के प्रत्याशी को देखकर और उससे क्षेत्र विशेष में बने जातीय और अन्य समीकरणों का ध्यान रखते हुए अपने प्रत्याशी तय करें। संभवतः इन्हीं कारणों से बीजेपी ने पहली सूची में उन्हीं सीटों को रखा जहां उसकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। ये सभी सीटें ऐसी हैं, जहां पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली थी। जहां तक राजस्थान की बात है, तो दोनों अहम समितियों का गठन होते ही इस बात पर चर्चा शुरू हो गयी कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इनमें जगह नहीं दी गयी। चर्चा की वजह यह है कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जा रहे। बहरहाल, चुनावों में अभी वक्त है और ऐसी चर्चा और जवाबी चर्चा अभी हर दल में उठती और मंद पड़ती रहेगी। इतना जरूर है कि चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही विधानसभा चुनावों के समर का शंखनाद हो चुका है और अब दोनों पक्षों से ऐसे नये-नये दांव देखने को मिलते रहेंगे।

**संभवतः इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है।**

**बिहार के वैशाली जिले के रामनगर ग्राम में 2 अप्रैल 1943 को एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे बिंदेश्वर पाठक बचपन से ही कुछ अलग करने की सोच रखते थे। वे छोटी उम्र से ही बेहद संवेदनशील और सामाजिक कमियों के प्रति सजग थे और जातिवादी मानसिकता में बदलाव के प्रखर पक्षधर थे। जब उन्होंने वर्ष 1964 में पटना यूनिवर्सिटी से समाज शास्त्र में स्नातक कर लिया तो कुछ ही वर्षों बाद उन्हें 1968-69 में बिहार सरकार के गांधी जन्म शताब्दी समारोह समिति के भंगी मुक्ति विभाग में नौकरी करने का मौका मिला। उनकी कार्यकुशलता और वैज्ञानिक सोच को परखते हुए समिति के अधिकारियों ने उन्हें एक अलग ही कार्य सौंपा।**

# सामाजिक समरसता और स्वच्छता के देवदूत: बिंदेश्वर पाठक



**डॉ अभिषेक चौहान**



बिंदेश्वर पाठक का जन्म बिहार के वैशाली जिले में 2 अप्रैल 1943 को हुआ था। उन्होंन बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से समाज शास्त्र में ग्रेजुएशन की। इसके बाद पटना यूनिवर्सिटी से मास्टर और पीएचडी की। साल 1968-69 में बिहार गांधी जन्म शताब्दी समारोह समिति के साथ उन्होंने काम किया था। यहीं समिति ने उनसे कहा कि वे सस्ती शौचालय तकनीक विकसित करने पर काम करें। 1970 में बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की। भारत में शौचालय क्रांति लाने वाले बिंदेश्वर पाठक को साल 2015 में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार, सामाजिक विकास तथा मानवाधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए आप को नमन।

**भारत के स्वच्छता के प्रेरणास्त्रोत :** एक देश में जहां स्वच्छता समस्याएं दीर्घकाल से एक चिंता का विषय रहे हैं, वहां एक व्यक्ति ने अपने जीवन को सार्वजनिक स्वच्छता के प्रयासों में समर्पित कर दिखाया है। बिंदेश्वरी पाठक, जिन्हें भारत के स्वच्छता के प्रेरणास्त्रोत के रूप में संज्ञान दिया जाता है, स्वच्छता प्रथाओं को सुधारने और सभी के लिए स्वच्छ जीवन की महत्वपूर्णता के बारे में जागरूकता बढ़ाने में एक प्रमुख शक्ति रहे हैं। उनका काम न केवल स्वच्छता की प्रैक्टिकल चुनौतियों का समाधान करता है, बल्कि इस मानव जीवन के महत्वपूर्ण पहलू के साथ जुड़े गहरे-रूबरू सामाजिक खुदाई और पूर्वाग्रहों का सामना भी करता है।

**बिंदेश्वरी पाठक के सबसे महत्वपूर्ण योगदान के रूप में उनकी सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन आता है, जिसे उन्होंने 1970 में स्थापित किया।**

**शुरुआती जीवन और प्रेरणा :** बिहार के वैशाली जिले के रामनगर ग्राम में 2 अप्रैल 1943 को एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे बिंदेश्वर पाठक बचपन से ही कुछ अलग करने की सोच रखते थे। वे छोटी उम्र से ही बेहद संवेदनशील और सामाजिक कमियों के प्रति सजग थे और जातिवादी मानसिकता में बदलाव के प्रखर पक्षधर थे। जब उन्होंने वर्ष 1964 में पटना यूनिवर्सिटी से समाज शास्त्र में स्नातक कर लिया तो कुछ ही वर्षों बाद उन्हें 1968-69 में बिहार सरकार के गांधी जन्म शताब्दी समारोह समिति के भंगी मुक्ति विभाग में नौकरी करने का मौका मिला। उनकी कार्यकुशलता और वैज्ञानिक सोच को परखते हुए समिति के अधिकारियों ने उन्हें एक अलग ही कार्य सौंपा। अधिकारी चाहते थे कि दलितों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए सुरक्षित और सस्ती शौचालय तकनीक विकसित की जा सके। पाठक ने तभी इस पर कार्य शुरू कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने देखा कि सरकारी व्यवस्था में कोई भी निर्णय लेने और उसपर अमल करने में बहुत समय लगता है, तो उन्होंने खुद ही कुछ करने की ठानी।

1943 में बिहार, भारत में पैदा हुए, बिन्देश्वरी पाठक ने ऐसे वातावरण में बढ़ाया जहां पारंपरिक प्रथाएं और सामाजिक मानकों का अक्सर आधुनिक आदर्शों के साथ टकराता था। विभिन्न वर्गों के बीच जीवन की विभिन्न स्तरों पर रहने की असमान स्थितियों का उनके परिप्रेक्ष्य में परिचय उनके निरंतर परिश्रम को शक्ति प्रदान किया कि वह मानवाधिकारों, सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संरक्षण को बेहतर स्वच्छता और स्वच्छता के माध्यम से प्रोत्साहित कर सकें। बिंदेश्वर पाठक की शिक्षा - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से 1964 में समाज शास्त्र विषय में बिंदेश्वर पाठक ने ग्रेजुएशन किया इसके बाद 1980 में पटना विवि से मास्टर डिग्री और 1985 में पीएचडी की उपाधि हासिल की। उन्हें 1991 में पद्म भूषण पुरस्कार से नवाजा गया।

**6 साल की उम्र में दादी ने दी थी ये सजा –** ये वो ही बिंदेश्वर पाठक थे, जिन्हें उनकी दादी ने महज 6 साल की उम्र में एक मैला ढोने वाली महिला को छूने पर सजा दी थी। इन्हीं बिंदेश्वर पाठक ने महिलाओं को खुले में शौच की समस्या को समझा और उनके लिए ये सुलभ शौचालय की क्रांति लायी। नौ कमरे के घर में नहीं था एक भी शौचालय - बिंदेश्वर पाठक ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके घर में रहने के लिए तो नौ कमरे थे, लेकिन एक भी शौचालन नहीं था। बिंदेश्वर पाठक ने बहुत कम उम्र में ये महसूस किया कि घर में शौचालय नहीं होने की वजह से उनके गांव घर की महिलाओं को सूर्योदय होने से पहले अंधेरे में ही घर से बाहर शौच के लिए खेतों में जाना पड़ता था। परिवार की नाराजगी के बावजूद गांधी जी का सपना पूरा करने में जुटे रहे - देश को खुले में शौच मुक्त करवाने में वो जब काम कर रहे थे तब उनको अपने पिता, ससुर समेत परिवार की नाराजगी सहनी पड़ी, लेकिन वो अपने लक्ष्य से डिगे नहीं और सबको बस ये ही जवाब देते कि मुझे गांधी जी का सपना पूरा करना है।

**सुलभ इंटरनेशनल पहल –** बिंदेश्वरी पाठक के सबसे महत्वपूर्ण योगदान के रूप में उनकी सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन आता है, जिसे उन्होंने 1970 में स्थापित किया। संगठन का प्रमुख लक्ष्य मानवाधिकारों, सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संरक्षण को बेहतर स्वच्छता और स्वच्छता प्रथाओं के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। सुलभ इंटरनेशनल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से स्थापित किये जा सकने वाले लागत-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक शौचालयों के विकास शामिल है। सुलभ शौचालय को इंटरनेशनल ब्रांड बनाया - बिंदेश्वर पाठक वो शख्स हैं जिन्होंने सुलभ शौचालय को इंटरनेशनल ब्रांड बनाया और भारत ही नहीं दुनिया के कोने-कोने में सुलभ शौचालय को पॉपुलर बनाया। 2 अप्रैल 1943 को बिहार के वैशाली जिले के एक छोटे से गांव के ब्राह्मण परिवार में उनका जन्म हुआ था बिंदेश्वर पाठक ने वर्ष 1974 में 'पे एंड यूज' टॉयलेट की शुरुआत की। जल्दी ही उनका ये कॉन्सेप्ट पूरे देश और कई पड़ोसी देशों में लोकप्रिय हो गया। उन्होंने अपनी संस्था का नाम रखा 'सुलभ इंटरनेशनल'। सस्ती शौचालय तकनीक विकसित करके उन्होंने सफाई के क्षेत्र में जुटे दलितों के सम्मान के लिए कार्य किया। इससे उनके व्यक्तित्व में बड़ा बदलाव आया। 1980 में जब उन्होंने सुलभ इंटरनेशनल का नाम सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन किया, तो इसका नाम पूरी दुनिया में पहुंच गया।

**मैनुअल स्केवेंजिंग का अंत –** मैनुअल स्केवेंजिंग, जिसे हाथ से मल की सफाई करना कहते हैं, एक अत्यंत अपमानजनक प्रथा थी जिसमें लोग अपने हाथों से अपने साथियों के अपशब्द की सफाई करते थे। यह अमानवीय प्रथा न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति उदासीनता जताती थी, बल्कि यह समाज में जाति, वर्ग और समाजिक असमानता की गहरी मूल समस्याओं का भी प्रतीक बन गयी थी। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक का 15 अगस्त को अचानक निधन हो गया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उन्होंने दिल्ली में स्थित सुलभ इंटरनेशनल के केंद्रीय कार्यालय में तिरंगा फहराया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और आनन-फानन में उन्हें दिल्ली एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

डॉ बिंदेश्वरी पाठक एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और समाजशास्त्री हैं, जिन्होंने 'सुलभ इंटरनेशनल' की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य था कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाये और सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक शौचालयों की आवश्यकता को पूरा किया जाये। उन्होंने गांवों में एक नया आदान-प्रदान ढंग से शौचालयों की व्यवस्था की, जो स्वच्छता की मानदंडों को पूरा करते हुए एक सामाजिक परिवर्तन लाया। उनका प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की बदलाव लाने में सफल रहा है।

**(लेखकः सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)**

## झारखंड की खबरें

### जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति और रूडसेटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति व रूडसेटी सलाहकार समिति का बैठक डीसी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित बैठक में सासंद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति के द्वारा सांसद व डीसी को शॉल ओढ़ाकर व पौधे देख कर सम्मानित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023- 2024 की प्रथम तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रस्तुत की। उन्होंने बताया बीते वर्ष की समतुल्य अवधि में बैंकों की 30 नई शाखाएं, 43 नए एटीएम व 300 नए बैंक कॉरेस्पोंडेंट की नियुक्ति की गई। वार्षिक शाख योजना में बैंको द्वारा साल दर साल 36.75% के विरुद्ध 50.85% की लक्ष्य प्राप्ति हुई। प्रधानमंत्री जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना में जिले का अनुपात बेहतर है। मुद्रा योजना में 47% की वृद्धि की गई। पीएमईजीपी व पीएमएफएमइ योजनाओं में भी समतुल्य अवधि की प्रगति हुई। मौके पर डीजी ने कहा बैंको का कार्य संतोषजनक हैं। लेकिन जिले के गरीब व पिछड़े वर्गो के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने ऋण सुविधा उपलब्ध कराने व सरकारी योजनाओं के आवेदन का यथाशीघ्र निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने कहा बैंको को संवेदनशील होकर समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों के लिए काम करने की जरूरत है। वही सांसद ने बैंको के कामकाज को सराहा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजकार से जुड़े लोगों को आर्थिक मदद पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखा का विस्तार व मानुषमुड़िया में सर्वे कर बैंक शाखा खोलने की बात कही। सांसद ने कहा गांव के विकास से ही समाज व जिला का विकास संभव होगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, जिला पशुपालन पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिले में कार्यरत बैंक, स्माल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक के प्रतिनिधि व शहरी निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ ने मुख्यमंत्री को सौपा मांग पत्र

# झारखंड में बिहार के तर्ज पर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया आग्रह

**गृह रक्षक प्रति माह 15 दिन का कर्तव्य भत्ते का 12% कटौती किया जाता है।**

**सरकार द्वारा 13% राशि खाते में जमा किया जाता हैं।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अमरतिरीया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल चाईबासा में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर एक मांग पत्र समर्पित कर न्याय के लिए गुहार लगाई। पत्र के माध्यम से बीते 2019 में उन्होंने चुनाव से पूर्व राज्य के गृह रक्षों को किए गए वादा अनुसार जवानों को मिलने वाली नियमित ड्यूटी व पुलिस बहाली में आरक्षण, समान काम का समान वेतन की बात कही। ताकि सभी गृहरक्षों को बिहार के तर्ज पर सुविधा उपलब्ध हो सके।



उन्होंने कहा पूर्व में बिहार राज्य से अलग होकर झारखंड राज्य का गठन हुआ। इस बीच कितनी सरकार आई व चली गई। लेकिन गृह रक्षकों की समस्याओं को अन देखी की जा रही है। सरकार के द्वारा टाल दिया जाता है। उन्होंने कहा राज्य के गृह रक्षकों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर काफी उम्मीदे टिकी हुई है। राज्य के सभी जवान आज भी आस लगाए बैठे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से स्वयं अद्यतन व जानकारी प्राप्त कर पड़ोसी राज्य बिहार के गृहरक्षा वाहिनी को जो सुविधाएं व लाभ वर्तमान में मिल रहा है उसे झारखंड में भी लागू किया जाए। ताकि इसका लाभ झारखंड राज्य के सभी गृहरक्षों को मुहैया करवाया जा सके। वर्तमान समय में बिहार राज्य में गृह रक्षों को ड्यूटी के एवरेज में कर्तव्य भत्ता का भुगतान 774 रुपया प्रतिदिन कि दर से किया जाता है। गृह रक्षक प्रति माह 15 दिन का कर्तव्य भत्ते का 12% कटौती किया जाता है। सरकार द्वारा 13% राशि खाते में जमा किया जाता। इसके अतिरिक्त गृह रक्षक जवानों को प्रत्येक 2 वर्ष के बाद 10000 रुपैया वर्दी अलाउंस के रूप में प्राप्त होता है। कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने पर 4 लाख रुपैया अनुग्रह अनुदान की राशि आश्रित परिवार को अनुकंपा के आधार पर नौकरी व 2 वर्षों तक पेंशन के तौर पर प्रतिमाह 2000 रुपैया दिया जाता है। सेवा से सेवानिवृत्ति के उपरांत एकमुश्त राशि डेढ़ लाख रुपैया का लाभ दिया जा रहा है। गृह रक्षक बीमार पड़े या छोटी-मोटी बीमारियों से ग्रसित हो जिला समादेष्टा द्वारा 3000 कीतत्कालीन सहायता राशि प्रदान किया जाता है। गृह रक्षक जवान गंभीर बीमारी की चपेट में आने पर उसे बिहार गृह रक्षा वाहिनी होमगार्ड मुख्यालय पटना द्वारा कॉल चिकित्सा की लागत का भुगतान किया जाता है। गृह रक्षों की मृत्यु के उपरांत दाह संस्कार करने के लिए 7000 सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए आवेदन में वर्णित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कर राजहित में गृह रक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने संज्ञान में लेकर पड़ोसी राज्य के तर्ज पर उक्त सारी सुविधाएं राज्य के गृह रक्षकों को मुहैया करवा ने की अपील की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण



**मांडू।** डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए अनुपस्थित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूप नारायण दुबे और चिकित्सा पदाधिकारी आरबीएसके डॉ रिप्पी कुमारी को तत्काल शो कॉज करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।

### दोतल्ला पंचायत में मना सावन महोत्सव



**भुरकुंडा।** बुध बाजार दोतल्ला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत सचिवालय में सावन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी व संचालन पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, झामुमो की वरिष्ठ नेत्री सह समाजसेवी गौरी देवी, मुखिया सत्यवंती देवी, मिसेज झारखंड कोमल सिंह, शिक्षिका सह समाजसेवी अनीता तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने आरती उतारकर की। इसके बाद वार्ड सदस्य रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, शकुंतला देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, जेएसपीएलएस की आतोषी मुखर्जी आदि ने स्वागत गान के साथ अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की शिवनगर निवासी कोमल सिंह के मिस झारखंड बनने उन्हें व उनकी माता किरण सिंह को अतिथियों और ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से कई उपहार भेंट कर पंचायत की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी व मिसेज झारखंड कोमल सिंह ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाना कोई बड़ी बात नहीं है बस हौसला और कार्य की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। इस ग्राम पंचायत में महिला सशक्तिकरण का कार्य व्यापक रूप से हुआ है जिसके कारण कोमल सिंह सहित कई लड़कियां दरोगा, पंचायत सचिव रेलवे आदि नौकरियों में सफलता पायी है। कई महिलाएं कला एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपना स्थान आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### चाणक्य एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट और जनरल मैनेजर ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# यूपीएससी पास करना है तो छात्र इंटर के बाद से ही करें तैयारी: विनय मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड की धरती प्रतिभावान बच्चों से खाली नहीं है। लेकिन यहां के बच्चों और अभिभावकों में यूपीएससी की परीक्षा को लेकर जागरूकता की भारी कमी है। अगर बच्चों को यूपीएससी की परीक्षा पास करनी है और देश के विकास में अपना योगदान देना है तो उन्हें इंटरमीडिएट



के बाद से ही इसकी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। हालांकि यूपीएससी की परीक्षा के लिए स्नातक पास होना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर तैयारी पहले से हो तो छात्रों की सफलता का प्रतिशत काफी हद तक बढ़ जाता है। यह बातें शनिवार को रामगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों में पोटेंशियल के साथ साथ हर वह क्षमता मौजूद है, जो उसे सफल इंसान बना सकता है। जरूरत सही दिशा, मार्गदर्शन और लगातार मेहनत की होती है। साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, वह है जागरूकता। सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने का कई अभ्यर्थियों का ख्वाब होता है। सिविल सेवा के ख्वाब रखने वाले अभ्यर्थियों को सही समय पर तैयारी करना भी अहम है। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएशन के साथ साथ यूपीएससी की तैयारी अभ्यर्थियों के लिए दोहरा लाभ साबित होता है। **नया बैच 10 सितंबर से शुरू हो रहा है:** हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में अभ्यर्थी को प्रदान किये जाने वाले सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बड़े बड़े शहरों को छोड़कर हजारीबाग जैसे शहर में अभ्यर्थी नामांकन ले रहें हैं।

**करियर चुनाव में मार्गदर्शन आवश्यक: रीमा**

चाणक्य आइएएस एकेडमी की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि करियर चुनाव में मार्गदर्शन आवश्यक है। आज लड़कियों की उम्र 18 साल पार होती है तो परिवार के लोग उसकी शादी के बारे में सोचने लगते हैं,

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**हंटरगंज/चतरा ।** थाना पुलिस ने शनिवार को शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया । वहीं पीड़िता को 164 का बयान दर्ज करने के लिए पुलिस की निगरानी में चतरा न्यायालय भेजा दिया गया। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने स्थानीय थाना क्षेत्र के नावाडीह पनारी गांव के महाराजगंज टोला निवासी चंदन दास के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का आरोप से संबंधित मामला दर्ज करायी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## भंडरा में मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस और तनाव मुक्त शिविर का आयोजन




**भंडरा/लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में लगाया गया मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का निरीक्षण एनएचएम की राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया गया। इस टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र भंडरा सहित स्वास्थ्य उप केंद्र मसमानो और बलसोता उप केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। टीम के द्वारा निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा और दोनों उप केंद्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेते हुए डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य से संबंधित चर्चा की गयी। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गयी व्यवस्था को सराहनीय बताया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशित प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में किया गया था। इस शिविर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य का जांच की जाती है। जिसके तहत बुजुर्गों का बीपी, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज किया जाता है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधाएं बुजुर्गों को मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दी गयी निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावे साफ सफाई, गार्डनिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का टीम के द्वारा सराहना की गई । टीम के सदस्यों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा एक मॉडल केंद्र बन गया है। राज्य स्तरीय टीम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, एनएचएम के नोडल पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, एनएचएम के कंसलटेंट नलिन कुमार और सचिव वीरेंद्र राम लालमोहन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने बूथ का निरीक्षण कर दिया दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा।** अंचल अधिकारी सह प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ का निरीक्षण किया गया। बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत डाडू ग्राम के बूथ संख्या 57 एवं 58 में मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा बीएलओ के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कार्य का सत्यापन किया गया.इस दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची में अंकित विवरणी का सत्यापन किया गया। और उपस्थित बीएलओ को नाम पता सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया गयाअंचलाधिकारी सह प्रखंड सहायक निवार्ची पदाधिकारी विजय कुमार द्वारा घरों में चिपकाए गए स्टीकरों का अवलोकन करते हुए उसमे सभी वांछित सूचनाओं को सही तरीके से भरने का बीएलओ को निदेश दिया.मौके पर मौजूद बीएलओ सुपरवाइजर अधीश खाखा को नियमित अनुश्रवण का निदेश देते हुए कि सभी योग्य व्यक्तियों का शत प्रतिशत निबंधन कराते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। जिसे ससमय कार्य संपन्न किया जा सके साथ ही बीएलओ को मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का निदेश दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव,बीएलओ अनवरी बेगम एवं शालो कुमारी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची में नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने में जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल सहयोग करें : राकेश सहाय



**बरवाडीह।** शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की धीमी गति से चलने पर चिंता जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दल से जुड़े लोगों के साथ बैठक की। जिसमें जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी के साथ 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे । बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने के चल रहे कार्य काफी धीमी गति से है। जिसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का काम सबसे चिंता जनक है। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों से अपने-अपने क्षेत्र के मतदान के बीएलओ के माध्यम से नये मतदाताओं के नाम अधिक से नाम। जुड़वाने में सहयोग की अपील की साथ ही साथ अपने क्षेत्र में नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही । बैठक में भाजपा के प्रतिनिधि के रूप में किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव एसटी मोर्चा अध्यक्ष मनोज शिक्षकों कांग्रेस नेता सुरेश मिश्रा अवधेश मेहरा शुभम दुबे माले जिला सचिव विरजु राम राजद अध्यक्ष आदित्य यादव बसपा अध्यक्ष श्रीराम बीएलओ सुपरवाइजर बलराम सिंह एमटीएस अरुण कुमार समेत कई लोग मौजूद थे ।

## पेशरार में समावेशी शिक्षा अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के पेशरार प्रखण्ड के सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा सभागार में किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। जिसमें उन बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना और विशेष शिक्षकों की भूमिका तय करते हुए इनका उपयोग साधन सेवी के रूप में करते हुए उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु आज अंतिम चरण में पेशरार प्रखंड के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। मौके पर प्रभाग प्रभारी अशोक कुमार पांडेय के द्वारा सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी 28, अगस्त 2023 से 3 सितंबर, 2023 तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले असेसमेंट कैंप के मेडिकल कैंप में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर कैंप में उपस्थित होने हेतु सभी प्रभारी प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया गया। मास्टर प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह एवं सतीश कुमार प्रजापति के द्वारा ऐसे बच्चों के सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई उपस्थित प्रतिभागियों के द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में की गई एवं बच्चों को जोड़ने हेतु विश्वास दिलाया गया।

### मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत बीडीओ ने दिलायी कर्मियों को शपथ

# विकसित भारत के निर्माण हेतु कर्मी रहें समर्पितः बुड़ायं सारू

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी 9 पंचायतों से वीर शहीदों के सम्मान में विगत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आजादी के अमृत महोत्सव अमृत काल के पंच प्रण कार्यक्रम आयोजित कर मेरा माटी मेरा देश के तहत प्रशासनिक अमला के वरीय पदाधिकारियों संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव जनसेवक और रोजगार सेवक और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के द्वारा मिट्टी संग्रह कर प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया था। इधर मंगलवार को अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू के द्वारा विकसित भारत के निर्माण को लेकर कर्मियों को शपथ दिलाया गया। इस दौरान बीडीओ ने कर्मियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण अपनी भागीदारी, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और देश की समृद्ध विरासत और इसके उत्थान व देश की एकता और एकजुटता हेतु हम सभी सदैव प्रयासरत रहेंगे। यहां पर अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ बुड़ायं सारू ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी मिलजुलकर अपने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन निस्वार्थ भावना के साथ करेंगे और देश के गौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों से प्रेरित होकर देश की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए हर वक्त सेवा भाव के साथ समर्पित रहने का शपथ दिलाया गया और देश के समुचित विकास हेतु संकल्प लिया गया। मौके पर प्रमुख, प्रधान सहायक जगरनाथ भगत, बीपीओ सुदर्शन लकड़ा, ग्राम पंचायत पाखर की मुखिया फुलमनी देवी, देवदरिया मुखिया कामिल तोपनो, कनीय अभियंता रंजित कुमार, पंचायत सचिव विवेक कुमार सहित अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### महिला कॉलेज में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

## डीसी-एसपी ने बैडमिंटन खेलकर उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अधिकारियों ने बैडमिंटन खेलकर और टॉस उछाल कर उद्घाटन किया। स्कूली बैडमिंटन खिलाड़ियों की उपस्थिति एवं उत्साह देखकर उपायुक्त लोहरदगा ने कहा कि, बच्चों में प्रतिभा छुपी हुई है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और जिला का नाम रोशन करेंगे। जिला प्रशासन का सहयोग और शुभकामनाएं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि, एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने का कार्य किया है। वह प्रशंसनीय है। सभी बधाई के पात्र हैं। मौके पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मलय दत्ता ने कहा लोहरदगा जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन प्रतिभावान खिलाड़ियों को चिन्हित कर उनकी प्रतिभा को उजागर करने में लगातार लगा है। स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अभ्यास से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतिभागी खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, स्टेट बैंक लोहरदगा शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, सचिव मलय दत्ता, ब्रजकिशोर बड़ाईक, गुलाममुतुर्जा अंसारी इत्यादि उपस्थित रहकर खेल आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। एंपायर का दायित्व रंजीत साहू, नसीम अख्तर एवं राहुल साहू ने निभाया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नब्ज टटोलने पहुंची एनएचएम की टीम

## स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा, दिये निर्देश

आजाद सिपाही सवांददाता



**लोहरदगा।** जिले में चल रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नब्ज टटोलने शनिवार को टीम सदर अस्पताल पहुंची। इसमें अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की वस्तु स्थिति से टीम को अवगत कराया गया। लोहरदगा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी की अगुवाई में आई टीम ने लोहरदगा सदर अस्पताल समेत कुडू पीएचसी, अटल मुहल्ला क्लिनिक व आयुष विभाग व अन्य सरकारी क्लिनिक की जांच किया। उन्होंने दिनभर स्वास्थ्य मिशन की प्रगति और कमियों की तलाश में लगी रही। सुबह लगभग 11 बजे टीम ने सदर अस्पताल के गायनिक वार्ड, बच्चा वार्ड सहित टीकाकरण आदि की जानकारी ली। टीम के पहुंचने से स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अस्पताल प्रबंधन से अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सक, दवाइयों की उपलब्धता आदि के विषय में बातचीत की । एनएचएम की टीम ने चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने, साफ सफाई व्यवस्था को सुधारने सहित कई आवश्यक सुझाव दिए। हालांकि निरीक्षण में टीम ने क्या पाया इस संबंध में उन्होंने कुछ भी नहीं बताया। दौरा पूरा होने के बाद जानकारी देने की बात कही। शिविर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य का जांच की जाती है। उनके लिए स्पेशल रूप से मानसिक चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। हर माह के तीसरे शनिवार को विशेष रूप से यह शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत बुजुर्गों का बीपी, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज किया जाता है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधाएं बुजुर्गों को मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई। इधर शनिवार को सदर अस्पताल का दृश्य कुछ बदला बदला से नजर आया। हर जगह साफ सफाई का नजारा देखने को मिला। लेकिन आई टी सी टी सेंटर जहाँ गर्भवती महिलाओं का जांच किया जाता है वहां पर गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध शौचालय की स्थिति ज्यो का त्यों थी। शौचालय का साफ सफाई नहीं किया गया था और न ही शौचालय में दरवाजा था। लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मिशन से आई टीम को यह नजारा नहीं दिखाया गया।

## युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में क्रिकेट मैच का आयोजन



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड के सढाबे पंचायत के एडादोन गाँव में युवा सद्भावना मंच के तत्वधान में क्रिकेट मैच का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसमें 10 ओवर में बंदा की टीम ने 120 रन बनाए इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हनहट की टीम 105 रन ही बना सकी। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि सद्भावना मंच की ओर हर शनिवार को बॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट आदि विभिन्न प्रकार के खेल और कार्यक्रम किये जाते है जिससे युवाओं में खेल के साथ आपसी संबंध बेहतर किया जा सके। साथ उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वेलडर, पलम्बर, होटल मैनेजमेंट, हाउस किपिग इत्यादि कार्यक्रमों की प्रशिक्षण निशुल्क कराया जा रहा है।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हरमू रोड के समीप स्थित नवनिर्मित लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में काफी की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह सभी श्रद्धालु भक्सो कोयल नदी से पवित्र जल लेकर पैदल शोभायात्रा में शामिल होकर गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। शोभायात्रा में हर हर महादेव, जय श्री राम, बोल बम के नारे से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गाजे बाजे के साथ निकाली गयी इस कलश यात्रा में लोग झूमते नजर आए। कलश यात्रा को लेकर सड़क के दोनों ओर सड़क को भगवा पताका से पाट दिया गया था। शोभायात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा सड़क की सफाई की गयी। मौके समिति के लोगों ने बताया की लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में 20 अगस्त को 12 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात 3 बजे से नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 21 अगस्त को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, यज्ञ और रात में महा कीर्तन का आयोजन किया गया है। इसके अलावे 21 अगस्त को दोपहर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। साथ ही भक्तों से अपील की गई है की भक्त मंदिर प्रांगण पहुंच प्रशाद ग्रहण करें और पुण्य के भागी बने। शोभायात्रा की अगुवाई यजमान जगरनाथ साहू सह पत्नी गीता देवी, संदीप साहू, दिगंबर यादव, सुदामा यादव, मुकेश प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा, करण विश्वकर्मा, रवि सिंह, संजय कुमार, अमित कुमार कर्म, राहुल कुमार, विक्रांत कुमार, रितेश यादव, राहुल विश्वकर्मा, बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार, शशि कुमार सिंह, सुमन साहू, रोशन कुमार, लोकेश राय, सुरेंद्र नाथ शाह, लक्ष्मी साहू, रितेश ठाकुर, चंदन साहू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## अवैध खनन मामले में शामिल लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करें: एसडीपीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** शनिवार को बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित अंचल कार्यालय में एसडीपीओ दिलु लोहरा की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। वहीं रणनीति बनाई गई।एसडीपीओ दिलु लोहरा ने कहा कि प्रखण्ड में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर इस कार्य में शामिल लोगों पर त्वरित गति से कार्रवाई करें।

प्राथमिकता के आधार पर ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज करें। जिससे इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाई जा सकें। बैठक में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि समय-समय पर अवैध खनन से जुड़े मामलों में कार्रवाई को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया जाता रहा है। इस मामले में और भी सक्रिय होकर लगातार अवैध खनन से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।साथ ही अवैध खनन की रोकथाम को लेकर पूरी तैयारी के साथ बरवाडीह थाना प्रभारी व छिपादोहर थाना प्रभारी से आपस में समन्वय स्थापित कर किसी भी सूचना पर अविलंब छापेमारी कर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। जिससे प्रखण्ड क्षेत्र में पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोका जा सके। साथ ही पीएम आवास,15 वें वित्त के अलावा अगर निजी कार्य में अवैध बालू का उपयोग किया जाता है। तो उनलोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एसडीपीओ दिलु लोहरा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार, बरवाडीह वनपाल, प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मी सुरेश राम, पूनम कुजूर मौजूद रहे।

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बालूमाथ बीडीओ ने बीएलओ को दिये निर्देश

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने बीएलओ के साथ बैठक की।इस दौरान मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ के द्वारा की गयी कार्यों की समीक्षा की गयी और संबंधित बीएलओ को घर-घर जाकर इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की उम्र 31 दिसंबर 2023 तक 18 वर्ष होने वाली है वैसे छात्र-छात्राएं स्थानीय मतदान केंद्र में जाकर अपना नामांकन दर्ज कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेश मुंडा, एजीएम अर्जुन राम, प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मिंज, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, कार्यक्रम के पर्यवेक्षक के साथ काफी संख्या में विभिन्न मतदान केंद्रों के बीएलओ मौजूद रहे।

## ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा, तीन घायल

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा रांची सड़क पर कुंदो गांव के पास सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों में कैरो चिपो बरटोली के 28 वर्षीय कमलेश भगत, 22 वर्षीय निशांत भगत और 28 वर्षीय बुद्धिमान उरांव शामिल हैं। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बुद्धिमान उरांव को रांची रेफर किया गया। बताया जाता है कि बुलेट में सवार ये तीनों भंडरा से चट्टी जाने के क्रम में एक वाहन को ओवर टेक करने के प्रयास में यह दुर्घटना हुआ।

## लोहरदगा में सीआरपीएफ के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग पिकेट में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन का जवान ने अपनी सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद मृतक जवान का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पिकेट पहुंची पेशरार थाना पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ 158 बटालियन पिकेट में संतरी ड्यूटी में तैनात 44 वर्षीय जवान जगदीश प्रसाद मीना ने अपनी सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर खुदकुशी कर लिया है. विगत एक माह पहले ही 15 दिन की छुट्टी बिताकर गांव से लौटा था। मृतक मूल रूप से राजस्थान का टोंक निवासी था। बताया गया कि जवान केकरांग के पोस्ट सं0-03 में सुबह 06 बजे अपनी ड्यूटी पर गया था। तभी समय करीब 06:25 बजे गोली चलने की आवाज पर पोस्ट के गार्ड कमांडर कविराज डोगरा दौड़ते हुए गये। इसकी जानकारी समवाय अधिकारी दुर्ग सिंह तोमर को तथा पुलिस एएसआई गोर्वधन तुरी को इसकी सुचना दी। फिर सभी ने पोस्ट पर जा कर देखा तो सिपाही जगदिश प्रसाद मिणा ने स्वयं को अपने नाम से आवंटित हथियार इनसास रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्म हत्या कर लिया है। जिसका खाली खोखा उसके बाई ओर पडा हुआ था तथा कार्मिक पोस्ट पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। उनका रायफल उनके उपर में पड़ा था तथा सर से खून निकल रहा था और दिवार में भी खून के धब्बे लगे थे। इस संदर्भ में पेशरार थाना कांड संख्या 03/2023, यूडी के तहत केस दर्ज किया गया है।

## महुआडांड: 3 करोड़ 20 लाख की नहर हल्की बरसात भी नहीं झेल पायी, टूटी

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कार्मेल हॉस्पीटल रिगड़ीटांड पथ पर स्थित लघु सिंचाई विभाग के द्वारा 3 करोड़ 20 लाख की लागत से कराए गये नहर निर्माण हल्की बारिश में ही टुट गई जिससे कार्मेल हॉस्पीटल से रिगड़ीटांड जाने वाली पथ बह कर टुट गयी। इससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो गयी। लघु सिंचाई विभाग के द्वारा वर्ष 2017 में 3 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से कश्यप कन्स्ट्रक्शन द्वारा नकटी नदी नहर परियोजना से पूर्व कच्ची नहर को पक्कीकरण कराया गया।जिसकी लम्बाई साढ़े तीन किलोमीटर थी, ताकि किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी मिले।इसके निर्माण से किसान खुश थे। लेकिन करोड़ो रूपए खर्च होने के बावजूद किसानों को निराशा हाथ लगी है। जहां घटिया एवं स्तरहीन निर्माण के चलते करोड़ो रूपए का बना पक्का नहर का कंक्रीट पूर्व मे भी कई जगह टूट चुका था। ग्रामीण विजय जायसवाल, अनिल कुमार, कृष्णा लोहरा, मुन्ना बड़ाईक बताते हैं कि नहर पक्कीकरण कार्यो में गुणवत्ता नहीं थी।अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग कभी किया नही गया। किसानों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी उनकी बातों को नजर अंदाज किया गया था। निर्माण कार्य एक साल में पूरा करना था।लेकिन संवेदक नहर पक्कीकरण का काम पांच वर्ष तक करता रहा। ग्रामीणो ने बताया कि खेत को पानी देने के लिए पैसा पानी की तरह बहाया गया, फिर भी नहर से खेतो को पानी नहीं मिला

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत मेराल प्रखंड से जिला भेजा गया अमृत कलश



**मेराल (आजाद सिपाही)।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड के सभी 20 पंचायतों से प्राप्त अमृत कलश की मिट्टी को एक कलश में भरकर जिला कार्यालय गढ़वा भेजा गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव एवं प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी जैसे ही अमृत कलश को लेकर कार्यालय से बाहर निकले वहां बड़ी संख्या में तिरंगा झंडा लिए मौजूद पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय, वीर शहीदें अमर रहे, वंदे मातरम की गगनभेदी नारे लगाये। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, उप मुखिया अली शेर अंसारी, मुन्ना राम, एजीएम सतीश कुमार सिंह, बीपीओ फिरोज अंसारी, अंचल निरीक्षक कपिल देव माझी, नाजिर सुनील कुमार, आंचल सहायक मुरारी मिश्रा, कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, डॉ लालमोहन, वीरेंद्र महतो, रामजी राम, अजय ओझा, प्रेमचंद राम, राजेंद्र राम, भोला राम, बिनेश कुमार मेहता सहित कई लोग शामिल थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले जीएन कॉन्वेंट के बच्चे किये गये सम्मानित




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय राष्ट्रगान, बिगुल बैंड और सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी सहित सभी सेलिब्रेटिंग विषय पर बच्चों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक भाग लिया और अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निदेशक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ऐसे सभी तरह की तैयारी कराने वाले शिक्षक इंचार्ज को विद्यालय प्रबंधन ने आभार प्रकट किया। उन्होंने ने बताया कि इस तरह के विशिष्ट कार्यों में भाग लेने वाले बच्चों का स्किल्स डेवेलपमेंट होता है। वे जीवन में अलग ढंग के सोच और कार्य में निपुण होते हैं। ऐसे लोग विषम परिस्थितियों में अपने आपको ढाल लेते हैं और उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहते हैं। उनमें राष्ट्रीय भावना पनपती है। वहीं विद्यालय के चारों हाउस के वैसे बच्चों ने जो परेड में जोश पूर्वक भाग लिया उन्हें भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया। राष्ट्रगान में रिया एंड ग्रुप, सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्या एंड ग्रुप, बिगुल बैंड में शिवम, रौनक ग्रुप को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीलम केशरी, रिजवाना शाहीन, शिवानी, सरिता दुबे, खुर्शीद आलम, संतोष प्रसाद, संजीव कुमार, मुकेश भारती का योगदान सराहनीय रहा।

### डीएवी मॉडल स्कूल में क्विज में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। बच्चों के हाउस का नाम विभिन्न महापुरुषों के नाम पर रखे गए थे। क्लास 6 रमन हाउस, क्लास 7 भाभा हाउस, क्लास 8 कलाम हाउस, क्लास 9 टैगोर हाउस और क्लास 10 विवेकानंद हाउस के बच्चों से ऐतिहासिक स्थल, खेलकूद, नृत्य, स्लोगन, भारत में प्रथम, विश्व में प्रथम, एसआई मात्रक, झारखंड से संबंधित, महत्वपूर्ण दिवस से संबंधित आदि प्रश्न किए गए। जिसमें क्लास 8 के बच्चों एवं क्लास 10 के बच्चों का परफॉर्मेंस काफी सराहनीय रहा। दोनों के अंक बराबर होने के कारण पुनः प्रश्न पूछे गए, जिसमें कक्षा 10 के बच्चे प्रथम स्थान प्राप्त किये। बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के आधार पर पुरस्कृत किया गया। साथ-साथ सभी सहभागियों को निदेशक सुशील केशरी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर निदेशक सुशील केशरी ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को बच्चों के बीच विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिससे बच्चों में सीखने के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, ओम प्रकाश शर्मा, कोमल केशरी, आरती देवी और प्राचार्य गुलाम सरवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कार्यक्रम :** 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत पंचायतों से एकत्र मिट्टी जिला मुख्यालय लायी गयी

# उपायुक्त ने मिट्टी से भरे कलशों को दिल्ली ले जाने के लिए सौंपा

**उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण से संबंधित शपथ भी दिलायी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों से कलश में मिट्टी एकत्र करने समेत अमृत वाटिका के तहत पौधरोपण, शिलाफल्कम (स्मारक पटिका) का निर्माण, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन एवं झंडोत्तोलन तथा राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत एकत्रित मिट्टी को मुख्य कार्यक्रम स्थल कर्तव्य पथ, नई दिल्ली ले जाने को लेकर आज समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा प्रतीकात्मक रूप से नेहरु युवा केन्द्र गढ़वा के जिला समन्वयक चार्ल्स बोडरा के हाथों सौंपा गया। उपायुक्त ने उत्तरदायित्व पूर्ण एवं सावधानी पूर्वक सभी कलश को मुख्य कार्यक्रम स्थल कर्तव्य पथ, नई दिल्ली ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हम सभी को अपनी मिट्टी से प्रेम होना चाहिए। साथ हीं यह हम सभी में देशप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य करती है। अभियान के तहत जिला एवं देश भर में पौधरोपण किया गया, जो हमारे वातावरण के लिए काफी लाभदायक है। उपायुक्त ने कहा कि देश प्रेम से बड़ा कोई प्रेम नहीं है हम अपने वीर शहीद जवानों के बलिदानों को नहीं भूल सकते हैं। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण करने से संबंधित सभी को शपथ भी दिलायी।

इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र चार्ल्स बोडरा, सभी प्रखंड समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की एजीएम 26 अगस्त को

**गढ़वा जिला में पहली बार हो रहे इस तरह के आयोजन में पूरे झारखंड के 24 जिलों से लोग शामिल होंगे : एसडीओ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आगामी 26 अगस्त को गढ़वा में आयोजित एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) को लेकर आज होटल पद्मावती में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सदर अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम एवं सचिव राघवेंद्र प्रसाद सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि पहली बार गढ़वा में 26 अगस्त को होटल वीनस इंटरनेशनल में क्रिकेट एसोसिएशन का एजीएम आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्रिकेट के विकास से संबंधित विषय पर पूरे दिन भर चर्चा की जाएगी। इसमें गढ़वा जिला में स्टेडियम निर्माण की मांग भी रखी जाएगी।

अध्यक्ष सह एसडीओ राज महेश्वरम ने बताया कि गढ़वा जिला में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूरे झारखंड के 24 जिलों से संघ के सचिव व अध्यक्ष के साथ झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव व सभी कार्यकारणी सदस्यों के आने की सूचना है। सचिव राघवेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि लगभग 300 से 350 की संख्या में लोग आयेंगे। सभी लोगों को होटल वीनस में भी रखा जाएगा। यहां के खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिये जो भी कार्य करना होगा उसे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये जो भी आधारभूत संरचना विकसित करनी होगी किया जायेगा। प्रेस वार्ता में उपरोक्त के अलावे संरक्षक आलोक मिश्रा भी उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का सत्यापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को पलामू एसडीएम के नोडल पदाधिकारी मदन महली, बीडीओ बिपिन कुमार भारती की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवा एवं युवती का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मृत्यु व पलायन कर चुके लोगों का नाम विलुप्त करने की कार्रवाई करने को कहा। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रचार प्रसार करने का निर्देश सभी बीएलओ को दिया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत 18 वर्ष उम्र पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को अविलंब मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के अलावा स्कूली बच्चों को अपने गांव टोला में लोगों को जागरूक करते हुए किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटे उसके लिये बच्चों को प्रेरित किया। मौके पर पंचयात सचिव व सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश ने 'द होम डेकोर' दुकान का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री व स्थानीय विधायक जहां एक ओर गढ़वा जिले में विकास कार्य में प्रतिदिन आयाम गढ़ रहे हैं। वहीं जिला मुख्यालय में नये प्रतिष्ठानों का उद्घाटन भी उनके द्वारा लगातार किया जा रहा है। आज एचपी पेट्रोल पंप टंडवा स्थित 'द होम डेकोर' दुकान का शुभ उद्घाटन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने फीता काटकर किया। वहीं कहा कि गढ़वा में एक नई वस्तु एवं घर की साज सजावट के लिए यह दुकान अलग पहचान बनाएगी। पहले लोग घर की सजावट का सामान बाहर दिल्ली, मुंबई, पटना जैसे शहरों में जाकर खरीदारी किया करते थे। किंतु अब जिला मुख्यालय में नये प्रतिष्ठानों के खुल जाने से लोगों को अब बाहर कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। वह अपने जिला मुख्यालय गढ़वा में ही अपने नये प्रतिष्ठान में घर के साथ सजावट की हर एक समान की खरीदारी पूरे परिवार के साथ कर सकेंगे। यह एक अलग पहचान दिलाने की राह में गढ़वा जिला पथ पर चल पड़ा है। यहां के व्यवसायी दूरदराज से आकर यहां ऐसे प्रतिष्ठानों का शुभारंभ कर रहे हैं, जो बहुत ही सराहनीय है। मौके पर 'द होम डेकोर' दुकान के प्रोपराइटर अमन सोनी, अशोक सोनी, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम फुजैल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बरडीहा जंगल में पेड़ से लटका अधेड़ का शव मिला

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखनदी के जंगल से एक लगभग 50 वर्षीय अधेड़ का शव पेड़ से लटका हुआ देखा गया। जिसकी पहचान सुखनदी गांव निवासी चंद्र देव यादव के 50 वर्षीय पुत्र अशोक यादव के रूप में की गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक यादव देर शाम अपने घर से गुस्से में निकले हुए थे। वहीं रात में अशोक यादव को घरवाले एवं ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन की गयी, लेकिन नहीं मिले। इधर सुबह कुछ लोगों ने घर से पश्चिम दिशा की ओर जंगल में पेड़ से लटका हुआ शव देखा गया। उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। वहीं ग्रामीणों के द्वारा बरडीहा थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय को सूचना दी गई। जिसके बाद थाना से एसआई पंकज कुमार सिंदुरिया घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मामला हत्या का है या आत्महत्या का पुलिस जांच में जुट गई है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शंभू राम चंद्रवंशी
जिला परिषद सदस्य
विशुनपुरा सह केंद्रीय सदस्य झामुमो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनंत प्रताप देव
पूर्व विधायक
भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र
श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निधि रजवार
अंचलाधिकारी
विसुनपुरा प्रखंड
विसुनपुरा, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयश्री कृतिश्री जागृति
प्रखंड- बसिया
जिला -गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिला देवी
मुखिया
अंबाखरया पंचायत
धुरकी, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बुद्ध राम सामद
थाना प्रभारी
विशुनपुरा
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नवनीत तिवारी
प्रधानाध्यापक
जतपुरा मध्य विद्यालय
विशिनपुरा, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रोहित शर्मा
सचिव : नवजीवन खेल कुद क्लब
महुआडीपा, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ओमप्रकाश गुप्ता
अध्यक्ष
व्यवसाई संघ
विशुनपुरा, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमिला देवी
मुखिया
विशुनपुरा पंचायत
विशुनपुरा, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हाशिम अंसारी
मुखिया
पंचायत - मानपुर
प्रखंड - रंका, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीराम सिंह
निदेशक सह प्राचार्य
प्रयाण पब्लिक स्कूल
भदौली, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ललित नारायण सिंह
मुखिया
अमहर खास पंचायत
विशुनपुरा, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सतीश कुमार सिंह
प्रभारी कृषि पदाधिकारी
एजीएम - मेराल
(गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सतेंद्र कुमार पांडेय
उर्फ पिंकू पांडेय
प्रखंड प्रमुख सह
प्रदेश अध्यक्ष प्रमुख संघ
प्रखंड - कांडी

पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ग्रामीण विकास मंत्री से की सतबरवा बीडीओ की शिकायत, कार्यकर्ता का लाठी से मारकर हाथ तोड़ने का आरोप

# आरोपित बीडीओ पर जल्द होगी कार्रवाई: मंत्री आलमगीर आलम

**अब तक बीडीओ पर कार्रवाई नहीं होने से गिर रही सरकार की साख : बिट्टू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने शनिवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से रांची आवास पर मुलाकात कर सतबरवा के कांग्रेसी कार्यकर्ता बिहारी यादव के दोनों हाथ को लाठी से मारकर तोड़ देने के आरोपित सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद की शिकायत की। साथ ही निलंबित करने की मांग भी की। उन्होंने मंत्री जी को बताया कि सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने विगत 13 अगस्त को ट्रैक्टर से बालू उठाव का झूठा आरोप लगाते हुए बिहारी यादव से कथित 50 हजार रुपए देने की मांग की। राशि नहीं देने पर बीडीओ ने खुद लाठी से बिहारी यादव की अंधाधुंध पिटाई कर दी। जिसमें उसके दोनों हाथ टूट गए। अगर बिहारी यादव कुछ गलत किया था तो बीडीओ को थाना में सूचित करना चाहिए था ना कि खुद सरकारी वाहन से लाठी निकालकर पीटना चाहिए था। यह कहां तक उचित है। उनको यह अधिकार किसने दिया है कि आम जनों को लाठी से पीटे। अगर वाहन चालक के पास लाइसेंस नहीं है, हेलमेट नहीं है या किसी प्रकार का कोई कागजजात नहीं है तो कार्रवाई करें या चालान काट के जुर्माना लें। ना की लाठी-डंडे से पिटाई करें। ऐसे ही पदाधिकारी महागठबंधन सरकार को बदनाम करने की साजिश रच रहे है। इसको लेकर बिहारी यादव ने सतबरवा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच के लिए डीडीसी के नेतृत्व में एक कमेटी गठित की गई। अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो इससे कमेटी की निष्पक्ष जांच पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। अगर कमेटी अपने जांच रिपोर्ट में बीडीओ को निर्दोष व बिहारी यादव को दोषी ठहरा दें तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। दूसरी ओर इस घटना में आरोपित बीडीओ पर कार्रवाई नहीं किए जाने से सरकार की साख भी घट रही है। इस घटना से लोगों में संदेश गया है कि सरकार में शामिल होने के बाद भी बीडीओ आम लोगों के हाथ को तोड़ कर खुलेआम घूम रहा है। उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर लोगों में सरकार के प्रति गलत संदेश जाएगा। कांग्रेसी नेता ने मंत्री आलमगीर आलम से आरोपित बीडीओ को निलंबित करने की मांग की। जिससे आमजनों में सरकार की साख बरकरार रहने के साथ-साथ पीड़ित को न्याय मिल सके। इस पर मंत्री ने दो दिनों में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। इस मौके पर सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, उमेश यादव, नीरज कुमार पासवान, प्रेमचंद्र उरांव, जुगल राम, सच्चीदा बैठा, पिंटू आलम और पीड़ित बिहारी यादव मौजूद थे।



ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से शिकायत करते पलामू के कांग्रेसी।

## शहीद सब इंस्पेक्टर की याद में योगिबिर बाबा देव स्थल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

संवाददाता,विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। तोलरा के शहीद सब इंस्पेक्टर की याद में रेहला स्थित योगिबिर बाबा देव स्थल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर नमन किया गया। युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता सहित कई लोगों ने शहीद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में कई युवा शामिल थे।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


# उपायुक्त ने की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और भीमराव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शनिवार को जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों व अपूर्ण आवासों की समीक्षा की। एनआइसी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी बीडीओ को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर समय पर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि पाटन में सबसे अधिक आवास लंबित है। इस दौरान डीसी ने सभी बीडीओ को उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी तरह के लंबित आवासों को सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करने की बात कही। डीसी ने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को सक्रिय होकर सभी आवास को पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही या ढिलाी बरतने वाले प्रखंड समन्वयकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर डीडीसी रवि आंनद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, सभी बीडीओ समेत आवास के सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज नप क्षेत्र के सतगांवा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 26 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम 7वीं कक्षा की अंशु कुमारी, द्वितीय 9वीं कक्षा की तनीषा कुमारी, तृतीय 8वीं कक्षा की निशु कुमारी और चौथी कक्षा की रागिनी कुमारी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विज्येंद्र प्रसाद ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को लेखन सामग्री दे कर सम्मानित किया। जबकि शेष छात्राओं को विद्या भारती की पत्रिका, उत्सर्ग देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षिका नीलिमा मेहता, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, सुनीता कुमारी थीं।

# विज्ञान, अनुसंधान और विकास पर टिकी है भारत के भविष्य की नींव : सूर्यमणि सिंह

**जपला सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद मुख्य अतिथि सूर्यमणि सिंह, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, अंशु गर्ग, संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, सक्रिय सदस्य सत्येन्द्र कुमार चंदेल, कामाख्या नारायण सिंह, प्रदीप मिश्र, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, अशोक सिंह, अजय गुप्ता, राहुल सिंह और रामसुभग सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। सूर्यमणि सिंह ने विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुई। विज्ञान में चंद्रयान-3, सोलर सिस्टम, स्ट्रीट लाइट, हर्ट ब्लड सर्कुलेशन, माइक्रोस्कोप, न्यूक्लियर पावर प्लांट और रॉकेट लांचर आदि के मॉडल बनाए। सूर्यमणि सिंह ने कहा कि विज्ञान के प्रति बहुत से विद्यार्थियों में अवधारणा है कि विज्ञान एक जटिल विषय है। पर इस मिथक को तोड़ने का भार भी विज्ञान शिक्षकों के कंधों पर ही है। मुझे लगता है कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस विज्ञान मेला के लिए प्रधानाचार्य व उनके सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएं की जितनी भी सराहना की जाए कम है। वहीं प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इनका उत्साहवर्धन होना चाहिए। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी भैया-बहनों को आगे प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने और इसी प्रकार निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार सिंह ने किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य और समिति के लोगों ने मेडल पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान प्रमुख राजेश्वर सिंह, रंजीत मिश्रा, दीपक पांडेय, मनोज सिंह, सुनील कुमार, जयनारायण सिंह, मत्युंजय प्रसाद, अजय कुमार, कमलेश्वर सिंह, छाया कुमारी, श्वेता सिंह, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## अरविंद सिंह बने उंटारी रोड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष



**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड़ प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में किसान सलाहकार समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी ने की। बैठक में सभी पंचायतों के अभिरुचि समूह के सदस्य, प्रगतिशील किसान व अन्य किसानों ने भाग लिया। बैठक में किसानों के दक्षता संवर्धन व उनके सामूहिक विकास पर चर्चा हुई। इसके बाद प्रखंड स्तरीय किसान अभिरुचि समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला पार्षद सदस्य अरविंद सिंह को अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष नियुक्त होने पर अरविंद सिंह ने कहा कि किसानों के सामूहिक विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में प्रभारी बीटीएम अभिमन्यु प्रसाद, रामबचन राम, अशोक सिंह, विजय रविदास, अंजू देवी, नीरा देवी, महेंद्र दूबे, असरेश पाल और दशरथ साह आदि मौजूद थे।






## महत्वपूर्ण न्यूज

### महुअरि पंचायत सचिवालय में वृद्धा पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुअरि पंचायत सचिवालय सभागार में वृद्धा पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धा, विधवा, विकलांगता और विवेकानंद आदि पेंशन धारी लाभुकों का आधार प्रविष्ट, मोबाइल नंबर प्रविष्टि एवं भौतिक सत्यापन से संबंधित कार्य किया गया। शिविर की अध्यक्षता कर रही मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पंचायत वाशियों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। वहीं, पंचायत सचिव नंदकिशोर यादव ने उपस्थित सभी पेंशन धारियों से आधार कार्ड की फोटो कापी के साथ मोबाइल नंबर लेकर शिविर का समापन किया।

### आदिवासी महिलाओं के विकास के लिए चलायी गयी मुहिम सराहनीय: सुधा कुमारी



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी जन कल्याण समिति शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत परियोजना एवं महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तत्वाधान में शनिवार को सतबरवा पंचायत सचिवालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्या सुधा कुमारी, प्रमुख रीमा देवी, मुखिया निरोत्तमा कुमारी, रिंकी यादव और लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से किया। बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्या सुधा कुमारी ने कहा कि आदिवासी महिलाओं की समस्याओं के निदान के लिए जो मुहीम चलायी है, वह सराहनीय है। इस मौके पर महिला मित्र को एक माह का मानदेय दिया गया और नॉर्मल डिलीवरी महिलाओं को एक-एक हजार रुपए दिया गया। इस मौके पर मुखिया संघ के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, संतोष उरांव, अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह, पांकी प्रखंड की सुपरवाइजर कीर्ति कुमारी सोनी, गजाला खातुन, नुसरत प्रवीण और सतबरवा सुपरवाइजर रुखसरी प्रवीण आदि मौजूद थे।



















## कुंदरुखुर्द की 17.18 एकड़ जमीन का मामला हाइ लेवल, निष्पक्ष जांच से उठेगा पर्दा

# दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़, राधाकृष्ण मठ के नाम से थी जमीन : ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जमीन खरीद बिक्री करने वालों के जादुई जाल में हर कोई उलझा हुआ है। दस्तावेजों को ऐसा उलझाया कि मामला हाई लेवल हो गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि जमीन में फर्जीवाड़ा किया गया है। लेकिन जमीन खरीद बिक्री करने वालों का दावा है की सबकुछ सही है। लेकिन सही कौन और गलत कौन है, इसका सही जांच ही एक मात्र रास्ता है। इससे पता चल पायेगा कि दावेदारों में किसका दावा सटीक है। जी हां हम बात कर रहे ग्राम कुंदरुखुर्द की, जो वर्तमान समय में सुर्खिया बटोर रहा है।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार किसान नेता पंकज महतो ने राज्य सरकार से शिकायत की है कि कुंदरुखुर्द की 17.18 जमीन में घोटाला किया है। यह जमीन राधाकृष्ण मठ की जमीन है। लेकिन कुछ जमीन माफिया और अधिकारियों की मिली भगत से कागजातों का खेला किया गया। जिसमें जमीन माफिया कागजात में फर्जीवाड़ा कर राधाकृष्ण को हटाकर बाढ़ों साव कर दिया गया है। साथ ही उक्त जमीन की खरीद बिक्री कर दी गयी है। उन्होंने पूरे मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है।

**पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हजारीबाग कमिश्नर**

इधर राज्य सरकार के आदेश पर हजारीबाग कमिश्नर पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल कर रहे हैं जिसके तहत शुक्रवार को कमिश्नर के आदेश पर सीओ सुधीर कुमार ने गांव में ग्राम सभा की । ग्राम सभा में सीओ ने ग्रामीणों को 24 अगस्त को हजारीबाग कमिश्नर कार्यालय पहुंच कर जमीन से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने की बात कही। जिसके बाद ग्राम सभा बैठक की समाप्ति की गयी।

**ग्रामीणों ने भी माना राधाकृष्ण के नाम से थी जमीन**

इधर ग्राम सभा में पहुंचे ग्रामीण जमीन घोटाला की बात बोल रहे थे। इसी दौरान मुखिया रेखा देवी ने बताया कि यह जमीन राधाकृष्ण के नाम से है। लेकिन उक्त जमीन में गड़बड़ी की गयी है। कागजात की गड़बड़ी की गयी है। जमीन माफिया ने राधाकृष्ण मठ की जमीन को बेच दिया है। रामगढ़ सीओ हम लोगो से 24 अगस्त को कमिश्नर कार्यालय पहुंचने के लिए बोले हैं। साथ ही जमीन से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने की बात कही है।

## दुर्गा पूजा और काली पूजा मनाने को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा और काली पूजा मनाने को लेकर शनिवार सौंदा डी पंचायत भवन में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सौंदा डी मैनेजर आरके प्रसाद व संचालन संजय यादव ने किया। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा 2022 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। दुर्गा व काली पूजा की सफलता को ले साफ-सफाई, लाईटिंग, तोरणद्वार, कोष संग्रह आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा में सहयोग राशि 1500 रूपया रखने का निर्णय लिया गया। मरैके पर उपमुखिया सुशील सिंह, संजय भारती, जयदेव गुप्ता, प्रवीर चटर्जी, अरविंद साव, रूश्दल कुमार, राजगिरी चैधरी राकेश सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद राणा, दीपक सिंह, भोला राजभर, दशरथ सिंह, प्रह्लाद गोप, कालीका प्रसाद, उमेश रजक, निरज भट्ट, अशोक गुप्ता, उमेश साव, महेंद्र भारती, दिलीप देवधरिया, परदेशी नोनिया, मुरत सिंह सहित कई लोग मौजूद थें।

## डीसी ने सुरुंगिया पहाड़ करमा का लिया जायजा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को करमा उत्तरी पंचायत स्थित सुरुंगिया पहाड़ को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर जायजा लिया। डीसी चंदन कुमार ने मुखिया सरोज कुमारी सहित स्थानीय लोगों से पहाड़ के संबंध में पूछताछ की। वही, डीसी ने सुरुंगिया पहाड़ को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद लोगों ने पहाड़ पर मकर संक्रांति को लेकर लगने वाले विशाल मेले के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। लोगों ने कहा कि पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाद पहाड़ के आसपास रहने वाले करीब दो सौ परिवारों का आजीविका का साधन मिला है। बताते चले कि वर्ष 2016-17 में सुरंगिया पहाड़ को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रारूप तैयार किया गया था। लेकिन अबतक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिले के नवनियुक्त डीसी द्वारा पुनः निरीक्षण करने पर लोगों में आस जगी है। ग्रामीणों को मानना है कि डीसी द्वारा उक्त दौरा के बाद इस स्थल को विकसित करने की दिशा में पहल की जायेंगी। मौके पर मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर प्रकाश, जिला परिषद सदस्य तपेश्वर महतो, मुखिया सरोज कुमारी, पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, कामेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू वर्मा, दुबराज पल, प्रदीप महतो, सुजीत महतो आदि मौजूद रहे।

## जानकी यादव के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**मृतक और घायल के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा, हत्यारों को मिले फांसी की सजाः मनोज यादव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़/कुजू।** हथमारा पोचरा में रास्ते के विवाद में हुई हत्या को लेकर शनिवार को मृतक जानकी यादव और घायल के परिजनों से पूर्व विधायक मनोज यादव मिले। इस बीच एक जांच दल भी उनके साथ परिजनों से मिला। मौके पर श्री यादव ने राज्य से मृतक और घायल के परिवारवालों को 50-50 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही मृतक परिवार के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की भी मांग किया है। उन्होंने कहा कि जिसने भी गोलीकांड करवाया है। इसकी जांच सीआइडी से करवाया जाये। जो दोषी है उन्हें फास्टेक कोर्ट के द्वारा अभिलंब फांसी की सजा दिलाया जाये।

**जांच दल ने लिया घटनास्थल का जायजा:** अखिल भारतीय यादव महासभा के सदस्य भूमि विवाद में हुए गोलीकांड में मृतक पोचरा निवासी जानकी यादव के पोचरा स्थित आवास पहुंचे। जहां आश्रित परिवार से मिलकर सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। इस दौरान महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष हीरा गोप सचिव अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में हथमारा पोचरा घटनास्थल का जांच किया। पीड़ित परिवारों से मिला। मृतक जानकी यादव के आवास में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक से मिलेगा। जांच दल में रमेश प्रसाद यादव, अनिल सिंह, नेमन यादव, ब्रह्मदेव यादव, अर्जुन यादव, कमल यादव अशोक यादव, अर्जुन यादव, अवधेश कुमार यादव, रामाशीष यादव, अवधेश यादव सहित अन्य शामिल थे।

## फाइलेरिया की दवा खाने से महिला की मौत

**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, सीओ और थाना प्रभारी ने समझा-बुझाकर आवागमन किया चालू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के सरदम पंचायत के निमियाटांड़ गांव निवासी छठन भुईयां की 60 वर्षीय पत्नी अशनी देवी की मौत हजारीबाग के सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। महिला की मौत के बाद ग्रामीणों ने शनिवार को जोरी-प्रतापपुर पथ को जाम कर दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि 14 अगस्त को सहिया के द्वारा मृतक को फलेरिया का डोज खिलाया गया था। दवा खाने के बाद महिला की स्थिति बिगड़ गई। परिजनों द्वारा इसकी सूचना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज को दिया गया। परंतु स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किसी तरह की कोई सहायता नहीं किया गया और ना ही सहिया ने इसे गंभीरता से ली। जिसके करण वृद्ध महिला की स्थिति धीरे धीरे काफी बिगड़ने लगी। आनन-फानन में बेहोशी की हालत में महिला को जोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जिसके बाद एक टेंपो से चतरा सदर अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने हजारीबाग ले जाने में असमर्थता जताया और गंभीर अवस्था में ही उसे घर लेकर लौट गया। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया डोमन भारती के द्वारा समझा-बुझाकर 108 एंबुलेंस के सहयोग से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फिर उसे चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा फिर हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। इसी भाग दौड़ में इलाज के दौरान महिला की मौत हजारीबाग में हो गई। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण महिला की मौत हो गयी। इस घटना से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने प्रतापपुर जोरी पथ को घंटों जाम रखा। अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर के पहल पर जाम हटाया गया। मृतक के आश्रितों को दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग किया गया।


## नशा मुक्त चतरा का निर्माण करना है, तो सभी को इसके प्रति जागरूक होना आवश्यक हैः उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में ऑनलाइन नारकोटिक्स समंवय केंद्र कि जिला स्तरीय समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी, जिले में अफीम तथा गांजा व भांग की अवैध खेती, नशीले दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने, विशेष रूप से स्कूल और कॉलेजो में एनडीपीएस अधिनियम के अवैध प्रावधानों और नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना, प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रमों को लागू करना, दवा का पता लगाने और प्रस्तुत करने के लिए उपकरणों की आवश्कताओं का आकलन, जिले में नशामुक्ति समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव के प्रति प्रचार-प्रसार कर जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होने कहा कि अगर नशा मुक्त चतरा का निर्माण करना है तो सभी को नशा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है तभी नशा मुक्त चतरा का निर्माण संभव है। ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती को लेकर पुलिस अधीक्षक झं राकेश रंजन ने बैठक में उपस्थित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पोस्ता/अफीम से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने और पोस्ता/अफीम कि खेती में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



घासी राम उरांव
वार्ड पार्षद-13
नगर पंचायत बुंडू
रांची

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्जुन महतो
उपाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा
बुंडू, रांची


### कार्यालय नगर पंचायत, बुंडू (रांची)

**सूचना**

नगर पंचायत कार्यालय बुंडू शहरवासियों को उत्कृष्ट नागरिक सुविधाओं को देने के लिए कृतसंकल्प है। इसी निमित्त सभी शहरवासियों से आग्रह है कि नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र को स्वच्छ एवं साफ रखें। ससमय जलकर, ट्रेड लाइसेन्स डोर टू डोर संग्रहण शुल्क एवं होल्डिंग कर का भुगतान कर एक ज़िम्मेवार नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। सभी नगरवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें।

अजय कुमार साव
प्रशासक
नगर पंचायत, बुंडू

पत्रांक : 865/ दिनांक : 16.08.2023

## लापरवाही बरतनेवाले संवेदक पर करें कार्रवाई : डीआरडीए निदेशक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** विकास भवन के सभागार में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति और लंबित कार्य को लेकर पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, नगर परिषद समेत अन्य तकनीकी विभागों की बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा योजनाओं को पूर्ण करने में लापरवाही बरतने वाले संवेदक को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, पेय जल और स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, समेत सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को ग्राम-जिरमी, थाना-कुरूमगढ़, जिला-गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:30 बजे अपराह्न 101 पीस साल बोटा को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 101 पीस साल बोटा के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 29.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:-वन है,तो जीवन है-:

PR 305028 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग।

द्वारा आयोजित

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

(दिनांक 09वी सितम्बर 2023, शनिवार, पूर्वाह्न 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक)

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा दिनांक 09.09.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

अतः, आप सभी पक्षकारों से निवेदन है कि आप सभी अपने-अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 09 सितम्बर 2023 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य वाद निम्नवत है:-

A. प्री.लिटिगेशन मामले- सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय मामले]
B. न्यायालय में लंबित मामले-

| | |
|---|---|
| 1 | सुलहनीय प्रकृति के आपराधिक मामले |
| 2 | धारा 138, N.I.Act के अंतर्गत मामले |
| 3 | धन वसुली से संबंधित मामले |
| 4 | मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले |
| 5 | श्रम एवं रोजगार विवाद से संबंधित मामले |
| 6 | विद्युत, जल बिल एवं अन्य बिल भुगतान (सुलहनीय) से संबधित मामले |
| 7 | पारिवारिक विवाद के मामले |
| 8 | भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले |
| 9 | सेवा एवं पेंषन से संबंधित मामले |
| 10 | राजस्व से संबंधित मामले |
| 11 | अन्य सिविल वाद |

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मो0 सं0- 9939201624 पर संपर्क कर सकते हैं एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग से संपर्क करें।

पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

प्रधान जिला न्यायाधीष सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

PR 305040 Law(23-24)D

### कार्यालय - कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, (आत्मा), रामगढ़

E-mail : atmaramgarh@gmail.com Website- http://www.atmaramgarh.org.in

**-: आवेदन आमंत्रण सूचना :-**

रामगढ़ जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) योजना अंतर्गत जिला रामगढ में दलहन फसलों एवं मोटा अनाज/पोषक अनाज के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं आत्मा, रामगढ़ द्वारा लाभुक किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2023-24 में रामगढ़ जिला अंतर्गत इच्छुक कृषकों को अनुदान पर समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (मृदा उर्वरकता को बढ़ाने अथवा बनाए रखने के लिए) एवं समेकित नाशी जीव प्रबंधन (नाशी जीवों के नियंत्रण के लिए) उपलबध कराया जायेगा।

उक्त के आलोक में सीधे समेकित पोषक तत्व प्रबंधन एवं समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 सं0 | समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (INM) | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | | उपलब्धता (हेक्टेयर में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दलहन | मोटा अनाज/ पोषक अनाज | दलहन | मोटा अनाज/ पोषक अनाज |
| 1 | सूक्ष्म पोषक तत्व (Micro-nutients) | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | --- | 450 | --- |
| 2 | Gypsum/80% WG Sulphur | 750 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | --- | 330 | --- |
| 3 | Lime/डोलोमाईट | 1000 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर। | 300 | 25 |
| 4 | Bio Fertilizers | 300 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर। | 210 | 25 |
| | | | | | |
| क्र0 सं0 | समेकित नाशी जीव प्रबंधन (IPM) | | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemicals (कीटनाशक) | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर। | 270 | 40 |
| 2 | weedicides (खरपतवार नाशक) | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 500 रू0 प्रति हेक्टेयर। | 240 | 10 |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा :-

- जमीन का रसीद का स्व प्रमाणित प्रति।
- आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो।
- मुखिया से प्रमाणित वंशावली।
- पास बुक का फोटो कॉपी।

नोट :-

1. आवेदक प्रखण्ड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र से निःशुल्क आवेदन-पत्र प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन-पत्र आत्मा, रामगढ़ के Website - http://www.atmaramgarh.org.in/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 09.09.2023 तक कार्य दिवस में प्रखण्ड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (Atic Centre) में जमा किया जाना है।
2. किसी भी रसायन का क्रय लाभुको द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने के उपरान्त अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
3. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को योजना का लाभ मिलेगा। यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया के द्वारा सत्यापन करा के जमा करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक के हिस्से में कितना जमीन पड़ता है स्पष्ट रूप से मुखिया से सत्यापित वंशावली के साथ जमीन की रसीद आवेदन के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. पिछले तीन वर्षो में जिन कृषकों या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया हो, केवल उनका चयन किया जायेगा।
6. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकाता दी जायेगी।
7. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत, वार्ड सदस्य/मुख्यि द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
8. लाभुक का चयन पहले आओ- पहले पाओं के आधार पर होगा।

यदि कोई परेशानी हो तो अपने क्षेत्र के कृषक मित्र, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से संपर्क करें।

ह0/-
परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़

PR 305046District(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### राहुल गांधी बाइक से पैंगोंग पहुंचे, फोटो शेयर किया

लद्दाख। राहुल गांधी लद्दाख के दौरे पर हैं। शनिवार को वे राइडर लुक में दिखे। वे लद्दाख से पैंगोंग त्सो लेक के लिए रवाना हुए। उन्होंने ये ट्रिप अपने पिता राजीव गांधी की 79वीं जन्मतिथि के मौके पर की। उन्होंने रास्ते से कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर किये। फेसबुक पर लिखा कि 'पैंगोंग त्सो जाने के रास्ते में। मेरे पिता कहते थे, ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में शामिल है।'

### बंगाल में भी चला बुलडोजर, भाजपा नेता का घर तोड़ा

कोलकाता। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में अपराधियों के घरों पर प्रशासन का बुलडोजर चलने की खबरें सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन बंगाल की राजधानी कोलकाता में भाजपा के एक नेता के घर को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। इस घटना को लेकर शनिवार को कोलकाता नगर निगम के सत्र के दौरान बंगाल में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भाजपा के पार्षद आपस में भिड़ गये। खूब लात-घूंसे चले। तृणमूल पार्षदों का आरोप है कि भाजपा ने केंद्रीय बलों के जवानों के साथ उनपर हमला किया।

### बुशरा बोलीं, इमरान को जहर दिया जा सकता है

पंजाब। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 5 अगस्त को तोशाखाना केस में गिरफ्तार किया गया था। तब से वो पंजाब की अटक जेल में बंद हैं। अब उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने इमरान को जहर दिए जाने की आशंका जतायी है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 अगस्त को पंजाब के होम सेक्रेटरी को लिखे पत्र में बुशरा बीबी ने इमरान को रावलपिंडी की अदियाला जेल में ट्रांसफर की अपील की।

## किट डीम्ड विश्वविद्यालय का 19वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

# मानव कल्याण के लिए ज्ञान का उपयोग करें : प्रो गणेशी लाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट डीम्ड विश्वविद्यालय का 19वां वार्षिक दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समारोह के रूप में आयोजित हुआ। शनिवार को आयोजित इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के मान्यवर राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने योगदान दिया। कुल लगभग 6638 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर गणेश लाल ने अपने वक्तव्य वक्तव्य में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान का उपयोग दृढ़ संकल्प के साथ मानव कल्याण के लिए करना चाहिए।

किट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक कुमार परीजा ने कहा कि शिक्षा बेहतर भविष्य के लिए पासपोर्ट की तरह है। ग्रेजुएशन केवल डिग्री प्राप्त करने के बारे में नहीं है, यह छात्रों के बीच होने वाले गुणात्मक परिवर्तन के बारे में भी है। किट विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर सुब्रत आचार्य ने छात्रों से कहा कि इस विश्वविद्यालय के स्नातकों की एक अद्वितीय सामाजिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव प्रो अजीत कुमार मोहंती, स्वस्ति ग्रुप होटल्स के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मोहंती और टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक चंद्र प्रकाश गुरनानी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। किट विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सस्मिता सामंत ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किट विश्वविद्यालय की विभिन्न उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विदिता सामंत को विश्वविद्यालय के समग्र प्रदर्शन के लिए संस्थापक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जबकि अनन्या त्रिपाठी को सर्वश्रेष्ठ पीएचडी छात्र, स्वाति सुदेस्ता पंडा को सर्वश्रेष्ठ स्नातक छात्र और निर्मल कुमार पंडित को सर्वश्रेष्ठ स्नातक के रूप में संस्थापक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी तरह अन्य विभिन्न पाठ्यक्रम मैं अच्छे प्रर्दशन करने वाले छात्रों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, नानीबाला मेमोरियल स्वर्ण पदक, श्रीकृष्ण चंद्र पांडा मेमोरियल स्वर्ण पदक, डॉ वाथीपरमगुरु मेमोरियल गोल्ड मेडल, पीके बाला मेमोरियल गोल्ड मेडल, पीपीएल गोल्ड मेडल और चांसलर सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थापक अच्युत सामंत, उपाध्यक्ष उमापद बोस, संपादक आरएन दास, कीट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शरणजीत सिंह, किम्स के कुलपति प्रो सीबीके मोहंती प्रमुख रूप से उपस्थित थे, जबकि किट विवि के चांसलर प्रो ज्ञान रंजन मोहंती ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## भुवनेश्वर-नयी दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नये युग की ट्रेन यात्रा के अनुभव के लिए बेहतर आराम के साथ उन्नत सुविधाएं प्रदान करने वाली तेजस कोच वाली राजधानी एक्सप्रेस ने आज भुजेश्वर रेलवे स्टेशन से अपनी नियमित सेवा शुरू की। पहला तेजस रेक शनिवार से संबलपुर मार्ग से शुरू किया गया है। बीच में कुछ दिनों के अंतराल के साथ अन्य रेक भी जल्द ही एक के बाद एक पेश की जायेगी।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसकी उद्घाटन विशेष ट्रेन थी। इस ट्रेन की नियमित सेवा आज से केवल संबलपुर शहर और राउरकेला मार्ग से शुरू हुई है। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक श्री कल्याण पटनायक के नेतृत्व में खोरधा रोड रेलवे मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले इस ट्रेन का निरीक्षण किया।

## गिरिडीह में डाटा प्रबंध एवं उपयोग कार्यशाला की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी गिरीडीह में शनिवार को डाटा प्रबंध एवं उपयोग कार्यशाला की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा संचालित संकल्प यात्रा को मजबूत बनाना है और बूथ कमेटी को मजबूत करना है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद की सरकार को जड़ से खत्म करना है। तीनों विधानसभा राजधनवार, जमुआ बागोदर में जन-जन तक मरांडी की संकल्प यात्रा को पहुंचाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को यात्रा का समर्थन करना है। इसमें मुख्य रूप से जमुआ विधायक केदार हाजरा, उदय सिंह, महादेव दुबे, रामचंद्र ठाकुर, अशोक उपाध्याय, पवन साव, पूर्व विधायक बगोदर नागेंद्र मातो, श्रीकांत और तीनों विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नुआपड़ा, बलांगीर और संबलपुर के विकास के लिए एमसीएल 17.5 करोड़ खर्च करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने ओड़िशा के नुआपड़ा, बलांगीर और संबलपुर जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत कुल 17.54 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, एमसीएल ने 4.35 करोड़ रुपये की कुल लागत पर शैक्षिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन नुआपड़ा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। सीएसआर के तहत इस सहायता से नुआपड़ा जिले के 36 स्कूलों में मौजूदा बुनियादी ढांचे को नया रूप देने के अलावा कम से कम 51 अतिरिक्त कक्षाओं का विकास किया जायेगा।

संबलपुर जिला प्रशासन के साथ हस्ताक्षरित एक अन्य समझौता ज्ञापन के तहत, एमसीएल ने वीर सुरेंद्र साई आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्थान (भीमसार), बुर्ला में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सीएसआर परियोजना आरोग्य के तहत 7.56 करोड़ रुपये निर्धारित किये हैं। शुक्रवार सैम को एमसीएल की तरफ से इन समझौता ज्ञापनों पर महाप्रबंधक (सीएसआर) रजनीकांत पाणिग्राही और मधुछंदा साहू सीडीओ-सह-कार्यकारी अधिकारी के साथ, इसी तरह नुआपड़ा जिला प्रशासन की ओर से सीडीओ-सह-कार्यकारी अधिकारी मधुछंदा साहू और डॉ जयश्री डोरा डीन और अधक्षा भीमसार संबलपुर जिला प्रशासन की तरफ से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये। इसी तरह, बलांगीर जिले में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए सीएसआर के तहत 5.63 करोड़ रुपये का योगदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर शनिवार को जीएम (सीएसआर) द्वारा चंचल राणा, आइएएस, कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, बलांगीर के साथ हस्ताक्षर किये गये।

कार्यालय नगर पंचायत
गढ़वा

देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्री सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा के तरफ से गढ़वा शहर के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

निवेदक
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत गढ़वा
पत्रांक : 1491/ दिनांक : 16.08.2023

कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
-सह-
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ गढ़वा सुंदर गढ़वा
जल-स्वच्छता संदेश 2023




15 अगस्त 2023 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा - सह - जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जल जीवन मिशन के तहत **हर घर नल से जल** योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं मिनी जलापूर्ति योजना से कुल 1,29,694 अदद पूर्ण है, शेष बचे 1,68,841 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 21 अदद वृहत जलापूर्ति योजना निमार्णाधीन है, एवं 1642 अदद निमार्णाधीन एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा Cluster- SVS से 2574 योजना से वर्ष 2024 तक शत-प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवता की जाँच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु उपाय ईत्यादि गतिविधियों को LED Van के माध्यम से सभी प्रखण्डों में रूट चार्ट के अनुसार विडियो एवं ऑडियो से प्रदर्शित किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) Phase-II के तहत शेष बचे IHHL का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित कर लाभुकों को Online हेत https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, तथा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत नाडेप एवं सोकपीट का निर्माण कार्य किया जा रहा है, एवं सामुदायिक स्तर पर गोबरधन योजना के निर्माण हेतु प्रक्रियाधीन जल्द ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ईत्यादि से अनुरोध है, कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

ह./- कार्यपालक अभियंता
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा
पत्रांक : 639 / गढ़वा, दिनांक : 12.08.2023

पुलिस अधीक्षक कार्यालय
लातेहार

15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लातेहार जिला के समस्त नागरिकों को लातेहार पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।




निवेदक
पुलिस अधीक्षक
लातेहार

कार्यालय नगर पंचायत
मझिआंव (गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नगर पंचायत मझिआंव वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी से अनुरोध है कि नगर पंचायत मझिआंव को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं अपने धृति कर समय पर जमा कर नगर पंचायत मझिआंव को सुदृढ़ बनायें।



-: निवेदक:-
श्री सुशील कुमार
प्रशासक
नगर पंचायत मझिआंव
पत्रांक : 693/ दिनांक : 10.08.2023

झारखंड पुलिस
बोकारो जिला
आवश्यक सूचना

| एक करोड़ (1,00,00,000) वांछित ईनामी नक्सली का नाम एवं फोटो | | | पच्चीस लाख (25,00,000) लाख वांछित ईनामी नक्सली का नाम एवं फोटो | |
|---|---|---|---|---|
|  मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल जी उर्फ सागर पे0–दर्पण मांझी सा0–मदनडीह थाना–पीरटांड़ जिला–गिरिडीह (PBM) |  प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ फूच्चु उर्फ करण दा उर्फ लेटरा, पे0–स्व0 चरकु मुर्मू, ग्राम–दल्लुबुद्धा, थाना–टूण्डी, जिला–धनबाद। (CCM) |  अनल दा उर्फ तुफान दा उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मराण्डी उर्फ रमेश पे0–टोटो मराण्डी उर्फ तारू मांझी, सा0–झरहावाले, थाना–पीरटांड़ जिला–गिरीडीह (CCM) |  रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ निर्भय जी उर्फ बिरसेन उर्फ काना, पे0–बिशु हेम्ब्रम, ग्राम–जरीडीह, थाना–डूमरी, जिला–गिरीडीह (SAC) |  अजय महतो उर्फ टाईगर उर्फ मोछु उर्फ श्रीकान्त उर्फ अंजन पे0–प्रेमचंद्र महतो ग्राम–नावाडीह, थाना–पीरटांड़, जिला–गिरीडीह (SAC) |

ज्ञापांक : 4056/र.का. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, बोकारो
दिनांक : 14.08.2023

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
बोकारो

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**